दशोरा शब्द जाति सूचक नहीं है

गतांक से आगे

'दशोरा' शब्द जाति सूचक नहीं है- मेवाड़ में रह रहे अधिकांश दशोरा परिवार अपने नाम के आगे 'दशोरा' उपनाम लगाते है किन्तु यह 'दशोरा' शब्द किसी जाति का सूचक नहीं है। मूल रुप से इस जाति का नाम 'नागर' (ब्राह्मण) था जो बड़नगर में निवास करती थी। वहां से इसका एक वर्ग प्रश्नोरा चला गया जिससे उस स्थान के नाम से ये 'प्रश्नोरा नागर' अर्थात् प्रश्नोर में रहने वाले नागर कहलाये। फिर ये दशपुर में आये जिससे ये अपना परिचय 'दशपुरीय प्रश्नोरा नागर' से देने लगे। ये ही नागर जब मेवाड़ में आये तो इनका सम्बोधन 'दशपुर ज्ञाति' से होने लगा जो प्राचीन प्रशस्तियों में पाया जाता है। धीरे-धीरे ये दशपुर राज्य (दशोर राज्य) के आधार पर अपने को 'दशोरा' कहने लगे। इस प्रकार प्रश्नोरा एवं दशोरा शब्द जाति के सूचक नहीं है बल्कि स्थान के सूचक हैं। जाति सूचक शब्द तो केवल 'नागर' है। बड़नगरा, विशनगरा, साठोदरा आदि नागरों का नामकरण भी स्थान के अनुसार ही हुआ जो जाति का बोध नहीं कराते बल्कि स्थान का बोध कराने वाले हैं। यदि दशोरा को एक जाति मान लिया जाये तो मन्दसौर से आये सभी व्यक्ति एक ही जाति के माने जाते जैसे दशोरा तेली, दशोरा तम्बोली, दशोरा बलाई, दशोरा महाजन आदि किन्तु ऐसा नहीं है। यदि किसी स्थान विशेष पर रहने के कारण से उसे एक जाति मान लिया जाये तो आगे बेठूम्बी, मालीखेड़ा उदयपुर आदि में रहने वाले दशोरों की भी अलग-अलग जातियां बन जायेगी जो किसी जाति के नामकरण का आधार नहीं है। इस जाति ने 'दशोरा' शब्द उपनाम के रुप में कब व क्यों स्वीकार किया इसका पता नहीं चलता किन्तु प्राचीन समय में इसका प्रयोग नहीं होता था तथा मेवाड़ से बाहर रहने वाले दशोरा आज भी इसका प्रयोग नहीं करते।

ये अपना उपनाम गोत्र अथवा अवटंक के नाम पर रखते थे जैसे झोटिंग भट्ट, भट्ट धनेश्वराय, भट्ट विष्णु आदि। आज से कुछ समय पूर्व भी व्यास, भट्ट, चौबे, मिश्र आदि अवटंक लिखने की ही प्रथा थी। विक्रम सम्वत 1962 में महाराजा श्री फतह सिंह जी ने दशोरा जाति की जो तहकीकात कराई थी उसमें भी इस जाति के व्यक्तियों ने अपना उपनाम व्यास, भट्ट, मिश्र आदि ही लिखा है। एक ने भी 'दशोरा' नहीं लिखा है जिसे इस पुस्तक के प्रकरण 10 के अन्त में देखा जा सकता है।

आज भी कई दशोरा परिवार अपना उपनाम कौशल्य, उपाध्याय, शर्मा, व्यास आदि लिखते हैं किन्तु कुछ लोगों ने दशोरा लिखना आरंभ कर दिया जिससे कई व्यक्ति आजकल अपना उपनाम 'दशोरा' लिखने लग गये। संभवत यह उपनाम इन्होंने मन्दसोर की स्मृति को अपने परिचय के रुप में बनाये रखने के लिए ही स्वीकार किया हो जो यद्यपि उचित ही है किन्तु यह शब्द जाति का बोध नहीं कराता। जाति का बोध कराने वाला शब्द तो 'नागर' ही है। जिस प्रकार अन्य नागर अपना उपनाम 'नागर' ही लिखते है, बड़नगरा, विशनगरा आदि नहीं लिखते, उसी प्रकार दशोरों का भी जाति सूचक शब्द नागर ही है। बड़नगरा, विश नगरा, प्रश्नोरा आदि शब्द भी दशपुर की ही भांति स्थान सूचक ही हैं। दशोरा उपनाम लिखने का एक परिणाम यह भी हुआ कि यह जाति नागरों से भिन्न जाति मानी जाने लगी तथा अन्य नागरों से इसका सम्बंध ही टूट गया जिसे सिद्ध करवाने में कठिनाई हो रही है। यद्यपि वर्तमान में अन्य नागरों के साथ कई विवाह सम्बध हुए है जिससे इसकी एकता पुनः बन रही है किन्तु कई नागर आज भी इस जाति को नागर कहने एवं विवाह सम्बंध स्थापित करने में संकोच करते हैं जबकि यह नागर ब्राह्मणों की ही एक उपजाति है।

नोट- पूर्व में लिखा गया है कि दशोरा जाति ने मन्दसौर पर आठ सौ वर्ष तक शासन किया। यह जनश्रुति के आधार पर तथा कुछ प्राचीन हस्तलिखित सामग्री के आधार पर ही लिखा गया है इसके लिए ऐतिहासिक एवं तथ्यात्मक प्रमाण ऐतिहासिक पृष्ठभूमि प्रकरण में आगे दिये जा रहे हैं। (शेष अगले अंक में)

संकलन- श्रीमती शीला दशोरा

लघुकथा

ममता

सहेलियों के साथ ऊधम करते हुए नन्ही नम्रता गिर गई और उसके दायें पैर की हड्डी टूट गई। जब डॉक्टर ने बताया कि मेजर फ्रेक्चर है और शायद ऑपरेशन करना पड़े, तो माँ रोने लगी। नम्रता ने अपनी तकलीफ के बीच कहा- 'मम्मी, कल तो तुम कह रही थी कि ज्यादा तंग करेगी, तो तेरी टांग तोड़ दूंगी और आज टांग टूट गई तो जोर-जोर से रो रही हो!'

-सूर्यकांत नागर

।। श्री गणेशाय नमः ।।

विजय स्टील डेकोर



35, धनवन्तरी नगर, जी-1, राजसुधा अपार्टमेन्ट, दधिची चौराहा, इन्दौर फोन 2321578, मो. 98268-32786, 98936-24291

।। श्री सांई नमामि नमः ।।

फाइबर शीट मनभावन रंग एवं डिजाईन्स में रेडी स्टॉक में उपलब्ध
घर में बाल्कनी एवं सीढ़ीयों में उपयोग होने वाली
Railing Stair Case/Casting/Wrought Iron/Stainless Steel, Brass Exclusive
G.P. Fitting "Spring", Sanitary Fitting Gold Line. C.P.
की सम्पूर्ण श्रृंखला व सभी कम्पनियों के.जी.आई.पाइप के विक्रेता
सभी प्रकार के हार्डवेयर का सामान इन्दौर शहर के मूल्य पर
आपकी कालोनी में उपलब्ध

R.K. Dave (Pappu)

जो हाटकेश्वर भगवान को माने वो नागर 'ब्राह्मण'

कल्याण शिवोपासना अंक 1993 के पृष्ठ क्र. 403 के अनुसार वड़नगर स्थित श्री हाटकेश्वराय का मंदिर नागर ब्राह्मण के कुल देवता का है, न कि नागर वणिक का। इन्दौर व उज्जैन के वडनगरा नागर समाज जो कि इष्टदेव हाटकेश्वर को मानते है, अपने आप को नरसी मेहता वंशज भी कहते है, मूल रुप से नागर ब्राह्मण है, परन्तु वडनगरा नागर वणिक समाज नाम से जाने जा रहे है, क्योंकि नई पीढ़ी ने यज्ञोपवित धारण करना बन्द कर दी। 55 वर्ष पूर्व आपने और मैंने अपने पिता एवं दादा व अन्य सम्बंधियों को जनेउ धारण किये हुवे देखा है, लेकिन अब आप व आपके परिवार अपने को वणिक मानने लगे है, यह भी सच नहीं है कि सभी नागर या दशोरा नागर ब्राह्मण है, कुछ समय पूर्व एक पुलिस अधिकारी मेरे सह यात्री थे, उनके बेच पर नागर देख कर मैंने परिचय किया, मेरा परिचय जानने के पश्चात उन सज्जन ने कहा कि हम यू.पी के है व नागर ब्राह्मण नहीं है, हरिजन है, हमारे कुल देवता रैदासजी है। इसी प्रकार खाचरोद व उज्जैन के करीबी गांवों में नागर धाकड़ रहते है, उनसे परिचय प्राप्त करने पर मालूम हुआ कि वह नागर पाटीदार है, व कुल देवता हाटकेश्वर को नहीं मानते है। इन्दौर, उज्जैन, संभाग के वीसनगरा व वडनगरा नागर समाज में लड़कियों की कमी के कारण गुजरात व महाराष्ट्र के निवासी नागर वणीक जिनके इष्ट श्रीनाथजी है, के विवाह सम्बंध इन्दौर, उज्जैन आदि मालवा क्षेत्र में होने का कारण हाटकेश्वर को मानने वाले भी वणीक लिखने लगे इससे सत्य यही है कि जो हाटकेश्वर शास्त्रानुसार वडनगरा, विसनगरा, साठोदरा एवं प्रश्नोरा (दशोरा) ही नागर ब्राह्मण है, इसके अनेक प्रमाण माह अप्रेल 2008 की हाटकेश वाणी के पृष्ठ क्र. 6 के अनुसार पंच द्रविड़ों की मुख्य पांच उपजातियां है जिसका सम्बंध गुर्जर देश (गुजरात) से है जिनमें 1 औदिच्य , 2. नागर, 3. भट्ट मेवाड़ा, 4 श्रीमाली, 5 मोढ़ है। इनमें औदिच्यों का मूल स्थान सिद्धपुर (गुजरात) तथा नागरों का वडनगर (गुजरात) है। अब अखिल भारतीय स्तर पर समस्त नागर ब्राह्मण समिति का पंजीयन करवाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चन्द्रमोहनजी नई दिल्ली, उपाध्यक्ष श्री सूर्यकान्तजी नागर मद्रास, कोषाध्यक्ष श्री नित्यानंदजी नागर ने अथक प्रयास कर राष्ट्रीय नागर ब्राह्मण प्रतिष्ठान के नाम वेबसाइट प्रारंभ की है, जिसमें सभी नागर ब्राह्मण अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते है, राष्ट्रीय नागर ब्राह्मण प्रतिष्ठान द्वारा म.प्र. नागर ब्राह्मण परिषद का गठन किया है, जिसके पदाधिकारी प्रदेशाध्यक्ष श्री वीरेन्द्रजी व्यास, सचिव श्री नरेन्द्रजी नागर, कोषाध्यक्ष श्री अनिलजी नागर ने प्रत्येक जिला एवं तहसील स्तर पर नागर ब्राह्मण परिषद की कार्यकारिणी गठन करने के सराहनीय प्रयास कर रहे है, प्रदेश के पदाधिकारियों के मार्ग दर्शन झाबुआ, मेघनगर पिटोल एवं पेटलावद में नागर ब्राह्मण परिषद का गठन किया गया, इसी प्रकार राजस्थान के अकलेरा में राजस्थान नागर ब्राह्मण परिषद का गठन संरक्षक डॉ. हरीप्रसाद नागर के मार्गदर्शन में हुआ, परिषद के पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश में निवास करने वाले सभी नागर ब्राह्मणों को एकजुट कर समाज से जोड़ने का संकल्प लिया। जब अखिल भारतीय स्तर सभी हाटकेश्वर को अपना आराध्य मानने वाले नागर ब्राह्मण एकजुट हो रहे इसके पश्चात भी आप वणीक कहलाना चाहते है तो हाटकेश्वरजी कुल देवता को न मानते हुवे, अपने आराध्य की पूजा करें, दो नावों पर सवारी न करें।

राजेश नागर,
अध्यक्ष, नागर ब्राह्मण परिषद् झाबुआ

हाटकेश्वर-मंदिर (वडनगर)

आनर्त (गुजरात) देश वडनगर में परम पवित्र हाटकेश्वर तीर्थ है। स्कन्दादि पुराणों में इस क्षेत्र की महिमा वर्णित है। यहां भगवान् हाटेकेश्वर का महालिंग प्रतिष्ठित है. ये नागर ब्राह्मणों के कुलदेवता हैं। यह कहा जाता है कि त्रिलोकी नापते समय भगवान वामन ने पहला पद वडनगर में ही रखा था। वडनगर का प्राचीन नाम चमत्कारपुर है।

परलोकगमन 12 दिसम्बर 08
आत्मबल से परिपूर्ण : श्री वासुदेव मिश्र

आत्मबल सब बलों से श्रेष्ठ होता है, उसे किसी का छल नहीं जीत सकता है। इसी प्रकार आत्मबल के धनि श्री वासुदेव मिश्र को जब पहला अटैक वर्ष 89 में आया तो उन्होंने स्वस्फूर्त स्वास्थ्य में सुधार किया। 1993 में उन्हें दूसरा अटैक आया किन्तु अस्वस्थता को उन्होंने अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया वे पूर्ववत सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते रहे उनमें जीवटता कूट-कूट कर भरी हुई थी। आपका जन्म श्री ऊंकार लालजी मिश्र के यहां 18 दिसम्बर 1943 को हुआ तथा बचपन यहीं जूनी इंदौर में गुजरा। मात्र 12 वर्ष के जब थे तो पिताजी ने साथ छोड़ दिया। इतनी कम उम्र में परिवार के दायित्वों का बोझ अपने कंधों पर लेकर सफलता पूर्वक जिम्मेदारियों का निर्वाह किया। एम.कॉम. तक शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात शिक्षा विभाग में सेवाएं दी उनका सम्पूर्ण कार्यकाल उज्जैन में ही बीता। सरल स्वभाव के श्री वासुदेव मिश्र सभी से खुलकर मिलते तथा छोटे-बड़े का कभी भेद नहीं किया। यह भी संयोग ही रहा कि परमात्मा का बुलावा भी उन्हें सामाजिक दायित्व पूर्ण करते समय इंदौर में एक विवाह समारोह में दिनांक 12 दिसम्बर 08 को आया। आप अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। तीन सुपुत्र- संजीव-श्रीमती मनीषा मिश्र, मनीष-मानसी मिश्र, प्रवीण-नीतू मिश्र उनकी विरासत को गति देने में सक्षम है। एक बड़े भाई श्रीराम मिश्र इन्दौर में ही थे। तथा दो बड़ी बहनें श्रीमती इंदिरा उपाध्याय उज्जैन में तथा श्रीमती प्रेमलता दशोरा उदयपुर में निवासरत हैं।

सम्पर्क -98266-35401,94240-00734

ज्ञान अर्जन का प्रमुख उद्देश्य है 'सुख की प्राप्ति'

प्रत्येक धर्म का एक ही लक्ष्य होता है कि मानव के वर्तमान जीवन को सुखमय बनाना। हम जो भी ज्ञान अर्जित करते हैं- उसका प्रयोग सुख प्राप्ति के लिये ही करते हैं। प्रत्येक काल में तत्कालीन संतगणों ने आत्म निरीक्षण द्वारा-जीवन में सुख प्राप्ति का साधन खोज निकाला। धर्म का तत्व सूक्ष्म है। एक बीज में उसका प्राण छिपा है। जब उस बीज को भूमि में डाला जाता है उसके प्रस्फूरण हेतु समुचित, प्रकाश गर्मी, पानी, खाद दिया जाता है तब जाकर वह प्रस्फूटित होकर एक नन्हें पौधे के रुप में आ जाता है। इसका समुचित रक्षण एक कुशल माली कर बड़ा कर वृक्ष का रुप देता है। उसी प्रकार धर्मतत्व के विकास की प्रक्रिया भी समतुल्य है। सर्वप्रथम धर्म से अंधविश्वास को दूर करने का प्रयास किया जाना चाहिए। धार्मिक जागृति हेतु श्रद्धा, विश्वास तथा युक्ति संगत विचारों के सतत प्रयत्न से धर्म का रक्षण किया जा सकता है।

छोटे बच्चों के मन में प्रारंभ से धर्म संस्कार के ऐसे बीज बोना है ताकि वे संस्कारित परिवार के उचित वातावरण में अंकुरित होकर सुंदर पौधों का आकार ग्रहण कर सके। हिन्दूधर्म का सही निरुपण एक प्रगतिशील नित्य नई विचारधाराओं से पोषित परम्परा के रुप में किया जा सकता है। जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को अधिकाधिक चारित्रिक उन्नति तथा आध्यात्मिकता प्राप्त करने का अवसर दिया जाता है। यदि बच्चों में बड़ों के प्रति आदरभावना श्रद्धा, स्नेह, उच्चविचार, अनुशासन का भाव हृदयंगम कराना है तो प्रथम परिवार के अन्य सदस्यों में ये सभी गुण होना आवश्यक है क्योंकि बच्चों की पेनीनजर होती है, कोमल भाव होते है वे धर्म संस्कार शीघ्र ग्रहण कर लेते हैं। परिवार में एक सुदृढ़ परम्परा की स्थापना का दायित्व हमारे ऊपर ही है। हिन्दू संस्कृति अपने आप में पूर्ण है और विश्व की अन्य संस्कृतियों में सर्वप्रथम स्थान पर आसीन है। इसमें नई परम्पराओं को स्वीकार करने की क्षमता है। हिन्दू धर्म ने जीवन निर्वाह हेतु शाश्वत सत्यों का सामंजस्य स्थापित किया है। सच्चे धर्म का उद्‌गम स्थान मानव जीवन ही है। हमारे लिये वही धर्म श्रेष्ठ है जो जीवन के साथ जुड़ा है और संकट में हमें बचाता है। प्राचीन संतों का कथन है हम अपना बाह्य जगत कितनी ही सुन्दरता से क्यों न सजाले किन्तु यदि हम अपने व्यक्तित्व को ठीक से नहीं संवार सकते तो उस सुंदर बाह्य जगत के साधनों के होने पर भी हम सुख संतोष का अनुभव नहीं कर पायेंगे।

जब किसी व्यक्ति का व्यक्तित्व दृढ़ नहीं होता तो ऐसे व्यक्ति की चारों इकाईयां शरीर, मन, बुद्धि तथा आत्मा एक दूसरे के साथ सामञ्जस्य स्थापित न करके एक दूसरे के विरोधी होकर अपनी-अपनी दिशाओं में खींचती है परिणाम स्वरुप उसकी सुख शांति खण्डित होकर बिखर जाती है इस कारण वह प्रसन्नता का अनुभव प्राप्त नहीं कर सकता। अतः हिन्दू धर्म रुपी मंदिर के मुख्य भवन में पहुंचने के लिये भक्तियोग, ज्ञान तथा कर्मयोग द्वारा सत्य की पवित्र वेदी तक साधक पहुंचता है।

प्रस्तुतकर्ता- सौ. रुद्रकान्ता रावल
155-ए, तुलसी नगर, इन्दौर -10

तुम मानो तो सही

तुम मानो तो सही,
स्वयं को केन्द्र बिन्दू
प्रकृति सृष्टि की धूरी
करोगे विलक्षण अनुभूति
स्वयं होंगे असीम उर्जा स्त्रोत
पाओगे कण-कण अपना
नहीं मोह होगा इनसे
पर हो जाओगे संरक्षक

आनंद ही आनंद है

आंखे कर बंद विचार करो
स्थिर आसन विराज करो
सूर्योदय-सूर्यास्त क्षण सोचो
चन्द्रगमन की कल्पना करो
प्रकृति सृष्टि के शितिज देखो
बहता पानी हिलते वृक्ष सोचो
उड़ते पक्षी चरते पशु देखो
आपसे स्नेह है इन्हें सोचो
आनन्द ही आनंद है।

मुकुल व्ही मंडलोई एड्व्होकेट फोन 0731-2484370

नवरात्री की शुभकामनाओं के साथ
हम शॉपिंग के लिये आमंत्रित करते है
इन्दौर एवं प्रदेशवासियों को
हेलो बेबी शॉप फेमेली क्लब
नवजात शिशु से नये-नये मम्मी-पापा तक
विशेषः गर्भवती महिलाओं के लिए गारमेंट और अंडरगारमेंट

न्यूबॉर्न शॉपीः बेसमेंट
बेबी वियर्स, बेबी राइड्स, स्वींग्स् (झुले), बेबी कॉट्स, स्ट्रालर्स, प्रॅम्स, वॉकर्स, फिडर्स, विप्पल्स, टिथर्स, रेटल्स, सुदर्स, ट्रेनिंग कप्स, बेबी कॉस्मेटिक्स, डायपर्स, रिकॉर्ड बुक्स आदि

किड्स शॉपीः ग्राउंड फ्लोर
गारमेंट, अंडर गारमेंट, नाइटवियर, फुटवियर, टॉयज, साफ्ट टॉयज, डॉल्स, गेम्स, बुक्स, सीडीज एवं डीवीडीज आदि

टीनएजर्स शॉपी : 1st फ्लोर
गारमेंट, अंडर गारमेंट, नाइटवियर, फुटवियर, बेग्स एंड पर्सेस आदि

मेन्स एंड वुमेन्स शॉपी : 2nd फ्लोर
गारमेंट, अंडर गारमेंट, नाइटवियर, फुटवियर, कॉस्मेटिक्स, इमिटेशन ज्वेलरी, बेग्स एंड पर्सेस, बेड शीट्स एवं कवर्स, टॉवेल्स आदि

रेस्टारेन्ट : 3rd फ्लोर
शीघ्र ही प्रारंभ

स्थान- हेलोबेबी हाउस, कोठारी मार्केट चौराहा, एम.जी. रोड़, इन्दौर फोन 2531107

भगवान राम स्वयं आशीर्वाद देने आते हैं

संत शिरोमणी श्री तुलसीदासजी ने श्री रामचरित मानस रचकर विश्व को ऐसी अनमोल कृति दी है जिसके पारायण, मनन एवं पालन करने से मनुष्य सरलता से भवसागर पार कर जाता है।

कलयुग केवल नाम अधारा। सुमिर सिमर नर उतरहि पारा।।

यहां नाम से आशय भगवान राम के नाम को कहा है।

मनुष्य जीवन लेकर रामचरित मानस को नहीं पढ़ा तो समझो एक बहुत बड़ा लाभ खो दिया

राम नाम मनी दीप धरु जीह देहरी द्वार।

तुलसी भीतर बाहेर ज्यो देखूं उजियार।।

श्री राम चरित मानस में सात कांड है। इसे कथा स्वरुप देकर पहले भगवान शंकर ने गायी फिर काक भुसुंडू जी ने और कलयुग में संत तुलसीदास जी ने गायी। जिस घर में श्री रामचरित मानस रहती है वहां भूत प्रेत भूलकर भी नहीं आते वहां दारिद्र भी नहीं रहता और वहां राम भक्त हनुमान जी सदा फेरी लगाकर उस घर की रक्षा करते है। रामायण के समान कोई ग्रन्थ नहीं है। मेरा यह निजी अनुभव है कि जिस घर में नित्य रामायण का पाठ होता है वहां भगवान राम स्वयं आशीर्वाद देने आते हैं। आजकल समयाभाव का जमाना है घर में कोई एक व्यक्ति यदि 2-4-5-7 दोहे रोज नियमित पाठ करे उसका अर्थ करें और फिर देखे उसके कार्य श्री राम भक्त हनुमान जी बड़ी सरलता से निपटा देंगे। रामायण में जो त्याग, स्नेह एवं भक्ति के उदाहरण है वैसे कहीं नहीं।

राम, लक्ष्मण,भरत, शत्रुध्न ये चार नाम को जपने वाला कभी दुखी न होगा।

आज्ञा पालन और भातृ स्नेह की ऐसी मिसाल मिलना मुश्किल है। भरत चरित तो मानों अमृत है भरत सरिस को राम सस्नेही। जग जपु राम, राम जपु जे ही। सारा संसार राम राम जपता है परन्तु भगवान श्री राम भरत को जपते हैं।

रामायण में 1173 दोहे, 87 सोरठा, 228 छन्द, 27 श्लोक, 1,16,733 शब्द और 2,91580 अक्षर है। संत तुलसीदास ने रामायण पूरी करने के पूर्व आखिरी छन्द में जो लिखा है उसे पाठक अजमाइश करके अवश्य देखे।

सत, पंच चौपाई मनोहर, सुनही जे न अरु उर धरें।

दारुण, अविद्या शोक जनित विकार श्री रघुवर हरे।।

अतः बिना किसी मुहुर्त को देखे, बिना ज्योतिषी से पूछे सात या पांच चौपाई (मनोहर) का पाठ नित्य कीजिए। और पूरी रामचरित मानस धीरे-धीरे पाठ करके देखिये। आपके सौभाग्य की कली ऐसी खिलेगी जिसकी महक से आप, आपका परिवार, नागर समाज महक उठेगा। जय श्री राम ।

प्रस्तुती
सौ. वसुन्धरा-कृष्णगोपाल व्यास
40 श्री राम नगर सांवेर रोड, उज्जैन
फोन 0734-2510966, मो. 94259-16155

जय हाटकेश सिर्फ नागर बंधुओं हेतु जय श्री कृष्णा
व्यापारी बनें मात्र 500/-रुपए से शुरू करें...
हमारे उत्पादन
* जालिम-एक्स मलम
* जालिम-एक्स छुक्कू
* जालिम-एक्स लोशन
* पंचसुधा
* वामा क्रीम
* मेकाडो बाम
* अंजू बाम
* पेन ऑफ ऑईल
* पेन क्योर आइंटमेंट
* हज़म टेबलेट
* अंजू कफ सायरप
* अर्शोमृत टेबलेट
* सुगम चूर्ण
* पाचक चूर्ण
* नारी रसायन
आप हमारे उत्पादन MRP. से आधे दाम पर प्राप्त करें और MRP.पर बिक्री करें।
अधिक जानकारी हेतु संपर्क करे-
नवीन झा
अंजू फार्मास्यूटिकल्स
111/112 अलंकार चेम्बर्स, रतलाम कोठी, ए.बी. रोड, इंदौर- 452001- (म.प्र.)
मोबाइल नंबर- 09425062415

हजारों वर्षों पूर्व की गयी भविष्यवाणियां साकार रुप में

हमारे अति प्राचीन पुराण ग्रन्थों में आज से हजारों वर्ष पूर्व की गयी भविष्यवाणियां आश्चर्यजनक रुप से सत्य होती जा रही है। इन भविष्य कथनों की सत्यता के आधार पर हमारे पुराण प्रामाणिकता की कसौटी पर खरे उतरे हैं। श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के अध्याय 8 के एक प्रसंग में श्री नारदजी ने भगवान श्री हरि से कलि (कलयुग) के बारे में प्रश्न किया कलयुग में धरा पर क्या स्थिति निर्मित होगी? भगवान श्री नारायण ने अपने मुखारबिन्द से जवाब दिया- हे नारद जो तीन देवियां नदी के रुप में प्रवाहित होती रहेंगी वे भगवती सरस्वती, गंगा एवं पद्मावती (लक्ष्मी) होंगी। कलि में पांच हजार वर्षों तक भारतवर्ष में रहकर ये तीनों देवियां सरित् रुप का परित्याग करके बैकुण्ठ में चली जावेगी। काशी तथा वृन्दावन के अतिरिक्त अन्य प्रायः सभी तीर्थ भगवान श्री हरि की आज्ञा से उन देवियों के साथ बैकुण्ठ चले जावेंगे। शालग्राम, शिव भक्ति और भगवान पुरुषोत्तम कलि के दस हजार वर्ष व्यतीत होने पर भारत वर्ष को छोड़कर अपने स्थान पर पधारेंगे. इनके साथ ही साधु, पुराण, शंख, श्राद्ध, तर्पण तथा वेदोक्त कर्म भी भारत वर्ष से उठ जायेंगे। देव पूजा, देवनाम देवताओं के गुणों कीर्तन देव शास्त्र पुराण, संत सत्य धर्म ग्राम देवता व्रत तप और उपवास- ये सब भी साथ ही इस भारत से चल पड़ेंगे। प्रायः सभी लोग मद्य एवं मांस का सेवन करेंगे झूठ एवं कपट से किसी को घृणा न होगी उपर्युक्त देवी एवं देवताओं के भारतवर्ष छोड़ देने के पश्चात शठ, क्रूर दम्भी, अत्यन्त, अहंकारी, चोर हिंसक ये सब संसार में फैल जावेंगे। पुरुष भेद (परस्पर मैत्री का अभाव) होगा। स्त्री विभेद अर्थात् केवल स्त्री और पुरुष का ही भेद रहेगा- जाति भेद की सत्ता उठ जावेगी अतएव निर्भिकतापूर्वक किसी भी वर्ण की स्त्री के साथ कोई भी विवाह कर लेगा। वस्तुओं में स्व स्वामिभेद होगा-परस्पर एक-दूसरे को कोई भी वस्तु नहीं देंगे सभी पुरुष स्त्रियों के अधीन होकर रहेंगे। घर घर में पुंश्चलियों का निवास होगा। ये दुराचारिणी स्त्रियां निरन्तुर धुड़क और तड़प कर अपने पतियों को पीड़ित करेंगी सेवक में जितनी नीचता रहेगी, उससे कहीं अधिक स्वामी बन जावेगा। घर में जो बलवान होंगे उन्हीं को कर्त्ता माना जावेगा। बांधवों की सीमा स्त्री के परिवार (ससुराल) में सीमित हो जायेगी। एक साथ पढ़ने-लिखने वाले लोगों में भी परस्पर बातचीत तक का भी व्यवहार न रहेगा पुरुष अपने ही परिवार से अन्य अपरिचित व्यक्तियों की भांति व्यवहार करेंगे। ब्राह्मण क्षत्रीय वैश्य और शूद्र चारों वर्ण अपनी जाति के आचार-विचार छोड़ देंगे। संश्यावन्दन और यज्ञोपवित संस्कार तो प्रायः बन्द ही हो जावेंगे। चारों ही वर्ण म्लेच्छ के समान व्यवहार करेंगे। प्रायः सभी लोग अपने शास्त्रों को छोड़कर म्लेच्छ भाषा पढ़ेंगे। ब्राह्मण क्षत्रीय वैश्य और शूद्र सेवावृत्ति से जीविका चलाएंगे। सम्पूर्ण प्राणियों में सत्य का अभाव हो जावेगा। जमीन पर धान्य नहीं उपजेंगे. वृक्ष फलहीन हो जावेंगे। गौओं में दूध देने की शक्ति नहीं रहेगी। लोग बिना मक्खन के दूध का व्यवहार करेंगे। स्त्री और पुरुष में प्रेम का अभाव होगा। गृहस्थ असत्य भाषण करेंगे. राजाओं का तेज अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। प्रजा भयानक 'कर' के भार से कष्ट भोगेंगे। नदियों और तालाबों पर धान्य होंगे अर्थात् समायोजित वर्षा के अभाव से अन्यत्र खेती न होने के कारण लोग इनके तट पर ही खेती करेंगे. कलियुग में सम्भ्रान्त कुल के पुरुषों की अवनति होगी।

नारद! कलि के मनुष्य अश्लील भाषी, धूर्त, शठ और असत्यवादी होंगे। भलिभांति जोते-बोये हुए खेत भी धान्य देने में असमर्थ रहेंगे। नीच वर्ण वाले धनी होने के कारण श्रेष्ठ माने जायेंगे। देव भक्तों में नास्तिकता आ जावेगी। नगरवासी हिंसक निर्दयी तथा मनुष्यघाती होंगे। कलि में प्रायः स्त्री और पुरुष-रोगी थोड़ी उम्र वाले और युवा अवस्था से रहित होंगे। सोलह वर्ष में ही उसके सिर के बाल पक जावेंगे। बीस वर्ष में उन्हें बुढ़ापा घेर लेगा। आठ ही वर्षों में स्त्रियां रजस्वला होकर गर्भधारण करने लगेंगी। कलियुग में भगवन्नाम बेचा जायेगा। मिथ्यादान होगा। मनुष्य अपनी कीर्ति बढ़ाने के लिये दान देकर स्वयं पुनः उसे वापस ले लेंगे। देव वृत्ति, ब्राह्मणवृत्ति अथवा गुरुकुलवृत्ति चाहे वह अपनी दी हुई हो अथवा दूसरों की कलि के मानव उसे छीन लेंगे। कलियुग में मनुष्य को अगम्यागमन में कोई हिचक नहीं रहेगी। कलियुग में स्त्रियों और पतियों का निर्णय नहीं हो सकेगा। अर्थात् सभी स्त्री-पुरुषों में अवैध व्यवहार होंगे। प्रजा किन्हीं ग्रामों और धनों पर अपना पूर्ण अधिकार नहीं प्राप्त कर सकेगी। प्रायः सब लोग अप्रिय वचन बोलेंगे। सभी चोर और लम्पट होंगे। सभी एक-दूसरे की हिंसा करने वाले एवं नरघाती होंगे। ब्राह्मण क्षत्रीय और वैश्य सबके वंशजों में पाप प्रवेश कर जावेगा। सब लोग लाख, लोहा रस और नमक का व्याप करने लग जाएंगे। पुंश्चली सूद से जीविका चलाने वाली यथा कूटनी स्त्री रजस्वला रहती हुई भी ब्राह्मणों के घर भोजन बनावेगी। पंच यज्ञ करने में द्विजों की प्रवृत्ति न रहेगी। यज्ञोपवित पहनना उनके लिये भार हो जावेगा। वे संध्या वन्दन और शौच से विहीन रहेंगे। अन्नों में, स्त्रियों में और आश्रमवासी मनुष्यों में कोई नियम नहीं रहेगा। घोर कलि में प्रायः सभी म्लेच्छ हो जायेंगे।

इस प्रकार जब सम्यक प्रकार से कलियुग आ जावेगा तब सारी पृथ्वी म्लेच्छों से भर जावेगी, तब विष्णुयशा नामक ब्राह्मण के घर उनके पुत्र रुप से भगवान कल्कि प्रकट होंगे। सुप्रसिद्ध पराक्रमी ये कल्कि भगवान नारायण के अंश हैं। ये एक बहुत ऊंचे घोड़े पर चढ़कर अपनी विशाल तलवार से म्लेच्छों का विनाश करेंगे और तीन रात में ही पृथ्वी पर अराजकता फैल जावेगी। डाकू सर्वत्र लूटपाट मचाने लगेंगे। तदनन्तर मोटे धार से असीम जल बरसने लगेगा। लगातार छः दिन रात वर्षा होगी पृथ्वी पर सर्वत्र जल ही जल दिखाई पड़ेगा। पृथ्वी प्राणी वृक्ष और गृह से शून्य हो जाएगी। मुने! इसके बाद बारह सूर्य एक साथ उदय होंगे. जिनके प्रचण्ड तेज से पृथ्वी सूख जायेगी। यों होने पर दुर्घर्ष कलियुग समाप्त हो जायेगा। तब तप और सत्व से सम्पन्न धर्म का पूर्ण रुप से प्राकट्य होगा। उस समय तपस्वियों, धर्मात्माओं और वेदहा ब्राह्मणों से पुनः पृथ्वी शोभा पायेगी। (देवी भागवत पुराण अध्याय-8)

उपरोक्त तथ्यों से हम अनुमान लगा सकते हैं कि हजारों वर्षों पूर्व की गई आज के समय (वर्तमान) की भविष्यवाणियां साकार रुप से दृष्टिगोचर होती जा रही हैं। इन भविष्य कथनों का अक्षरशः सत्य होने में किंचित् भी संशय नहीं रह जाता है।

पं. ऋषभदेव (ज्योतिषी)
49, कैलाश पार्क कालोनी, गीताभवन, इन्दौर
मो. 9301370059

उम्र के अंतिम पड़ाव पर सच्चा हमसफर

योगाभ्यास

उम्र के साथ वरिष्ठता हर व्यक्ति को आती है, इसमें आंखें, कमजोर हो जाती हैं, रीढ़ की हड्डी झुक जाती है, गालों पर झुर्रियां पड़ जाती हैं। आमतौर पर वरिष्ठ लोग ऐसा सोचते है कि उम्र के साथ उनके मस्तिष्क की कार्यप्रणाली धीमी हो जाती है, लेकिन यह बात पूरी तरह से सत्य नहीं है। उम्र के साथ मस्तिष्क सिकुड़ता है लेकिन आशावादी वैज्ञानिकों, डॉक्टरों ने यह खोज निकाला है कि अधिक उम्र के साथ मस्तिष्क सिकुड़ता है लेकिन अधिक उम्र के साथ वरिष्ठों की अक्ल में कमी नहीं आती है। अधिकांश वरिष्ठ इस भ्रम में रहते हैं कि वे वरिष्ठ हो गए हैं। अतः दिमाग नहीं चलता और स्मृति कमजोर हो जाती है। यह बात सत्य नहीं है।

इंटरनेशनल हेराल्ड ट्रिब्यून में जिना कोलाता ने इस बारे में रिपोर्ट दी-समाज में बहुत-सी बातें बुजुर्गों के परामर्श से की जाती है। डॉ. पोपोर्ट का कथन था कि स्वस्थ मनुष्य के दिमाग में उम्र के साथ परिवर्तन कम होते है। डॉ. कोटमेन का कथन था कि बुजुर्गों का दिमाग ध्यान में अधिक सक्षम हो सकता है। कई लोगों का मानना है कि नियमित रक्तसंचार में कमी आने से मस्तिष्क ठीक ढंग से काम नहीं करता है। उम्र के बढ़ने के साथ बहुत-सी बातें भूल जाते हैं, लेकिन वरिष्ठता के अलावा हादसा या प्रियजनों के बिछड़ने से या सदमें के कारण भूलने की आदत हो जाती है। वास्तविकता में वरिष्ठता शरीर से कम और मन से ज्यादा आती है, शरीर कमजोर हो जाता है, आत्मविश्वास में कमी आती है। पहला सुख निरोगी काया का होता है।

शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिये वृद्ध लोगों को निम्नलिखित क्रियाएं करनी चाहिये-

आहार-नियम से शरीर मन, मस्तिष्क स्वस्थ रह सकता है। उचित आहार से बढ़ती उम्र की बीमारियों से बचा जा सकता है जैसे-विटामिन बी, कैल्शियम का उपयोग उचित मात्रा में, उचित समय पर किया जाना चाहिये, विटामिन सी,ई को भी लेना चाहिये।

दिनचर्या को सरल करना चाहिये ताकि दिमाग से अधिक सोचना न पड़े। अपनी रुचि के अनुसार काम करना चाहिये जैसे घूमना, बगीचे का कार्य, संगीत, पढ़ना, पेटिंग आदि करना चाहिये।

अपनी शक्ति व शरीर के अनुसार, योगाभ्यास करना चाहिये। सुबह या शाम घूमना चाहिये। अपनी शक्ति के अनुसार कार्य करना चाहिये।

निराशा को दूर रखने के लिये स्वयं को व्यस्त रखना चाहिये। यौगिक क्रिया करने से पहले व अंत में पांच-पांच बार ऊँ का उच्चारण करना चाहिये।

योग की निम्नालिखित क्रियाएं लाभदायक है

1. शरीर संचालन- निम्नलिखित तरीके से पांच-पांच वक्त उंगली से लेकर पूर्ण देह की सुबह या शाम 5 व एक-एक क्रिया को करना चाहिये। प्रत्येक क्रिया में पूरी सांस लेना, छोड़ना प्रत्येक क्रिया में मन सांस पर रखना।

2. निस्पंद भाव- दीवार के पास बैठकर दोनों पांव लंबे कर दोनों हाथों को घुटने पर रखकर, आंखे बंदकर बाहर की आवाज सुनना चाहिये। पूरी सांस लेना व छोड़ना 10 मिनट या 5 मिनिट तक करना चाहिये।

लंबी गहरी सांस- प्रत्येक 3 घंटे के बाद 2 मिनट के लिये लंबी गहरी सांस लेना छोड़ना एवं अपने सांस का निरीक्षण करना चाहिये।

क्रोकोडाइल- सीधा पीठ के बल लेटकर दोनों पांवों को पास में कर लें। गर्दन को दाहिनी और मोड़िए एवं दोनों पांवों को बाई ओर। फिर विपरीत क्रिया करें। यह क्रिया 5 से 10 बार करें।

सेतु-बंध- सीधे लेटकर दोनों पांवों को पास रखकर बीच में से थोड़ी सी कमर उठाना, 10 सांस लेना व छोड़ना

योगेन्द्र प्राणायाम- सीधा बैठकर एक नाक से सांस लेना, दूसरे नाक से छोड़ना फिर दूसरे से सांस लेकर पहले से छोड़ना। यह क्रिया 5 बार करनी है। ध्यान 5 मिनट करना चाहिये। ध्यान के बाद 10 वक्त ऊँ का उच्चारण करना चाहिये।

योगनिद्रा- शवासन की स्थिति में लेटकर पूरी सांस लेना, छोड़ना व अपनी सांस को देखते जाना। इसमें सांस बाहर पेट अंदर होगा। इसमें बीच-बीच में अंदर ही अंदर धीरे-धीरे ऊँ का उच्चारण 5 से 10 बार करना होगा। कल्पना में नदी को देखना, नदी के बहाव को देखना, पहाड़ को देखना, शिव भगवान को देखना, अपने इष्टदेव को देखना फिर अपनी सांस पर मन को लेकर सांस दो देखना अंदर ही अंदर ऊँ का 5 बार उच्चारण करना। सांस बाहर जा रही है। व पेट अंदर आ रहा है। योगनिद्रा करने के पहले व बाद में पूर्ण होता है। संकल्प करने के पहले भगवान शिव या अपने इष्ट देव को ध्यान करना पड़ता है। इसके साथ-साथ सुबह का भोजन 11 से 12.30 के बीच में, रात्रि का भोजन 7 से 8.30 के बीच करना चाहिये। रात्रि का भोजन हल्का होना चाहिये। दिन में एक वक्त दिल खोलकर हंसना चाहिये।

ए.के. रावल (योगाचार्य)
25, पत्रकार कॉलोनी (साकेत)
इन्दौर फोन 2565052

लघुकथा

भूमिका

कस्बे में अभी-अभी खुले नए होटल में पहली बार आकर ठहरा। होटल के शांत वातावरण ने मन मोह लिया। यात्रियों की अच्छी-खासी भीड़ के बावजूद न व्यर्थ का शोरगुल, न गुंडागर्दी। कमरों में शराबबंदी का कठोरता से पालन। सभ्य, शालीन और शिक्षित लोगों की बहुतायत। प्रभावित होकर मैंने प्रबंधक से कारण पूछा तो गर्व से सीना फुलाकर उसने कहा, होटल से लगा हुआ ही पुलिस थाना है। इसलिए गलत लोग और असामाजिक तत्व यहां ठहरने से डरते हैं। सुनकर प्रसन्नता हुई। कुछ महीनों बाद फिर उस होटल में आकर रुका। मगर वहां का सन्नाटा देख चकित रह गया। होटल में बमुश्किल चार-पांच यात्री थे। रात को फुरसत में बैठे प्रबंधक से मैंने इसका कारण जानना चाहा तो ठंडा निःश्वास भरकर उसने कहा, अब कोई भला आदमी यहां आकर ठहरना नहीं चाहता।

कारण ? आश्चर्य से मैंने भौंहें उचका दीं।

कारण, वही, पुलिस थाना।

-सूर्यकांत नागर

सांई बाबा का आशीर्वाद ही उनकी संपत्ति थी

सांई बाबा ने खास तौर से दीक्षित व उनके परिवारजनों का पूरा ध्यान रखा ताकि दीक्षित की आध्यात्मिक उन्नति में किसी प्रकार की कोई बाधा न आए। बाबा ने काका से कहा था, " काका तुला कलजी काजली माला आहे।" अर्थात् " काका, तुम चिन्तित क्यों हो? तुम्हारा ध्यान रखना व सभी जरुरतों को पूरा करना अब मेरी जिम्मेदारी है।" बाबा ने जब यह वचन दीक्षित को दिया तो साथ ही बाबा ने उन्हें इसका निर्विवाद प्रमाण देते हुए समझाया कि समय व हालात को मद्देनजर रखते हुए इस कठिन वचन को निभाना आम व्यक्ति के बस की बात नहीं है। लेकिन दिव्य शक्तियों के कारण वे इस वचन का पालन हर कीमत पर करेंगे। शिरडी में जब बाबा ने दीक्षित को ऐसा कहा तो उस समय विलेपार्ले के बंगले में काका की आठ वर्षीय बालिका एक बड़ी आलमारी (जो बहुत से खिलौनों से भरी हुई थी) के समीप खेल रही थी। वह आलमारी पर चढ़ गई जो उसके ऊपर गिर गई। बाबा की कृपा से बच्ची पर कोई भी खिलौना नहीं गिरा। गिरने से बच्ची की चूड़ियां टूट गईं, जिससे उसे हल्की सी खरोंच लगी। काका को जब इस घटना की सूचना मिली तो उन्होंने अपने दिव्य-दृष्टि वाले करुणावतार सद्गुरु श्री सांई बाबा को प्रणाम किया। अब किसी प्रकार की चिन्ता, भय तथा शंका नहीं थी। बाबा की शरण में आने के बाद दीक्षित की वकालत से होने वाली आमदनी ठप्प हो गई, उनके राजनैतिक व सामाजिक संबंध फीके पड़ गए और उन्हें कई उच्च पदों से हटना पड़ा। लेकिन इन सब सांसारिक बंधनों के टूटने से वे कभी दुःखी नहीं हुए। वे सादा जीवन व्यतीत करते। हमेशा फिजूल खर्च व ऐशो आराम की चीजों से स्वयं को दूर रखते। किसी अन्य व्यक्ति के लिए धन का अभाव हो जाना दुःख का कारण हो सकता था। किन्तु बाबा के सच्चे भक्त व भागवत् का पाठ करने वाले दीक्षित श्री कृष्ण द्वारा कहे नीचे दिए श्लोक का मनन कर अति प्रसन्न थे।

तम ब्रह्मस्यामि सम्पतभ्यो
यस्य च इच्छामि अनुग्रहम्

अर्थात जिसे मैं आशीर्वाद देने की इच्छा करता हूं, उसे सभी प्रकार की संपत्तियों से वंचित करता हूं। समाज, अदालत एवम् सामाजिक कार्यों से दूर होने से शुरु में दीक्षित को अपना जीवन नीरस सा प्रतीत हुआ। किन्तु वे समझ गए कि बाबा उन्हें धन के साथ होने वाली उन्नति, खुशी और आनन्द के भ्रम-जाल से बाहर निकाल कर सद्गति प्रदान करने के लिये तैयार कर रहे हैं। हमारे ग्रन्थों में बताया गया है कि गृहस्थाश्रम का आनन्द भोगने के बाद व्यक्ति को वानप्रस्थ आश्रम का भोग करने के लिये किसी एकान्त स्थान पर जाकर अकेले रहकर साधना व ध्यान करना चाहिए। (क्रमश :)

सेवानिवृत्ति पर अभिनंदन

कोटा (राजस्थान)। परमपावन चर्मण्यवती नदी के तट पर स्थित हाड़ौती की हृदय स्थली, औद्योगिक एवं शैक्षणिक नगरी कोटा (राज.) को जननी समान स्वच्छता एवं सुंदरता प्रदान करने में अग्रणी नगर निगम कोटा में कार्यरत श्री रमेशचन्द्र नागर सुपुत्र स्व. श्री भंवरलालजी नागर राजस्व निरीक्षक ने 34 वर्षों की सेवा के पश्चात 30 अक्टूबर 08 को सेवा निवृत्ति प्राप्त की। आप अपने सेवाकाल में मृदुभाषी, सरल हृदय एवं कार्य के प्रति लगनशील रहे। राजस्थान नागर (ब्राह्मण) परिषद अकलेरा आपके प्रति सम्मान प्रकट करते हुए आशा करती है कि आप भविष्य में परिवार एवं समाज को नई दिशा प्रदान करते रहेंगे।

प्रस्तुति कुलेन्द्र नागर एडव्होकेट
महासचिव राजस्थान
नागर ब्राह्मण परिषद अकलेरा

बार-बार मिले

इस बार बड़ा परिवर्तन है
मौसम का अर्चन है
जल वायु फिजां में बड़ी
सुहानी सी तड़पन है
परिवर्तन के महादौर में
अर्चन का नर्तन है
आठ बीता और नव आया
प्रकृति का दर्पण है
आपका हो मंगल और
गरिमा का सौपान मिले
प्रगति आपकी सहभागी हो
पूर्णचन्द्र सा मान मिले
नव वर्ष में ऊंचाई पाये
सौगात नई हर बार मिले
शुभकामना भी नवीन हो
आपको बारं-बार मिले

व्रजेन्द्र नागर

❁ बात में वजन ❁

दो पत्नियां आपस में अपने-अपने गृहस्थ जीवन के बारे में बातें कर रही थी।

पहली- पति के व्यवहार से इतना तंग आ चुकी हूं कि मेरा वजन 20 किलो कम हो गया है।

दूसरी- तो फिर तुम अपने पति को छोड़ क्यों नहीं देती?

पहली- अभी नहीं। पहले अपना वजन 15 किलो और कम तो कर लूं।

❁ टेरर अलर्ट ❁

पक्की खुफिया जानकारी है कि आपके ऑफिस में छह आतंकी काम कर रहे हैं। हमें खुशी है कि इनमें से पांच की पहचान हो गई है और उन्हें कस्टडी में ले लिया गया है। ये हैं-बिन स्लीपिन, बिन ड्रिंकिन, बिन लंचिन, बिन गॉसिपिन, बिन नोटगिन और बिन बिहाइंड किसिन। हमें विश्वास है कि बिन वर्किन जैसे दिखने वाले छठे व्यक्ति को पहचानना कठिन नहीं होगा। निश्चिंत रहिए, आप पर शक नहीं किया जा रहा।

❁ बिल जीजाजी को ❁

एक आदमी की ओपन हार्ट सर्जरी हुई। होश आते ही उससे नर्स ने पूछा- क्या आपका मेडिक्लेम है?

आदमी- नहीं।

नर्स- तो क्या आप चेक या कैश पे करेंगे?

आदमी- नहीं, मेरे अकाउंट में तो 1000 रुपए भी नहीं हैं।

नर्स- (चौंकते हुए)- यानी आपका कोई रिश्तेदार आएगा बिल भरने।

आदमी- मेरी एक अविवाहित बहन है। वह नन है।

नर्स- क्या बकवास है। नन अविवाहित नहीं होती, बल्कि उनकी शादी भगवान से होती है।

आदमी- ठीक है, मेरे जीजाजी को बिल भेज दीजिए।

❁ तीन रिंग्स वाला सर्कस ❁

शादी शब्द नहीं बल्कि सेंटेन्स है (लाइफ सेंटेन्स)

शादी तीन रिंग्स वाला सर्कस है- एंगेजमेंट रिंग, वेडिंग रिंग और सफरिंग।

प्यार एक लंबा प्यारा सपना है, शादी एक अलार्म क्लॉक।

पुरुष उस महिला के पीछे क्यों दौड़ते हैं जिससे शादी करने का कोई इरादा न हो? ठीक वैसे ही, जैसे कुत्ते कार के पीछे दौड़ते हैं जबकि उनका ड्राइव करने का कोई इरादा नहीं होता।

❁ सफलता ❁

सफल पुरुष- जो बीवी के खर्च से ज्यादा कमा सके।

सफल स्त्री- जो ऐसा पति ढूंढ सके।

-श्रद्धा शर्मा

आपके पत्र

एक-एक शब्द का अर्थ है

महोदय,

मासिक पत्रिका 'जय हाटकेश वाणी' आज नागर समाज में जागरुकता लाने के लिए पुरजोर प्रयास कर रही है इसके लिए पत्रिका की सम्पूर्ण टीम बधाई की पात्र है। पत्रिका समाज के छिपे हुए प्रतिभाशाली व्यक्तियों की प्रतिभा को समाज के सम्मुख लाकर अविस्मरणीय कार्य कर रही है। सम्पादक महोदया द्वारा समय-समय पर समाजजनों से विचार एवं सुझाव की अपेक्षा की जाती है। दिसम्बर अंक में अपने सम्पादकीय में उन्होंने गहरी बात लिखी है कि जनम, परण एवं मरण तो विधि के हाथ है, हम केवल माध्यम बन सकते हैं। इस पर विचार करे और सोचे कि पत्रिका में प्रकाशित एक-एक शब्द का अर्थ है। यह संतोष का विषय है कि जय हाटकेश वाणी दिन पर दिन आकर्षक और उपयोगी होती जा रही है। समाज में जागरुकता लाने का उनका प्रयास तभी सार्थक होगा जब पाठक भी ताल से ताल मिलाएं। जय हाटकेश वाणी शीर्षक के अनुरुप भगवान हाटकेश्वर की वाणी के रुप में प्रत्येक पृष्ठ के उपर 'अनमोल वचन' प्रकाशित किए जाते हैं। बहुत सारी पुस्तकें पढ़ने के बाद जो सारतत्व प्राप्त होता है वह इन अनमोल वचन के पढ़ने से प्राप्त हो जाता है। इन वचनों को आत्मसात करके जीवन को सफल बना सकते हैं। वाणी को समाज के जन-जन तक पहुंचाने, गतिविधियों एवं जानकारियों को एकत्र करने में पूरी टीम का वृहद सहयोग है। कई अवसरों पर जब समाजजनों से पत्रिका के संबंध में चर्चा होती है, तो उसके बारे में अच्छी प्रतिक्रिया सुनकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता होती है। आगामी वर्ष 2009 आप सभी समाजजनों के लिए मंगलमय हो ऐसी शुभकामनाएं देते हुए मैं अपेक्षा करता हूं कि 'जय हाटकेश वाणी' के माध्यम से हम सब अपने सम्पर्क, संबंध एवं शुभकामनाओं का आदान-प्रदान करते रहें।

सुरेन्द्र शर्मा
(गीता मर्मज्ञ) जिला संयोजक
हि. आ. 106, अलकापुरी, देवास, (म.प्र.)

जय हाटकेशवाणी की अनुपम विशेषताएं

'जय हाटकेश वाणी' का सतत् अ-सदस्य-पाठक रहा हूं। सम्पूर्ण अंकों की सामग्री का चयन एवं चित्रमय समय पर पाठकों तक पहुंचाना इसकी अनुपम विशेषताएं है। बदलते संदर्भो में, संगठन, सहकार एवं एकता अपनी अस्मिता रक्षण हेतु, प्राणवायु सी अनिवार्य है। इसी तथ्य को रेखांकित करती माह दिसम्बर की संपादकीय-समय के साथ प्रगति पथ पर क्षिप्रगति से आगे बढ़ने को प्रेरित करती है। पत्रिका की सामग्री चयन में आपकी सम्पादकीय दक्षता परिलक्षित होती है। कविताएं व्यंग्य विनोद सब सुरुचि पूर्ण है। समाजरत्न श्री विष्णुप्रसाद जी नागर, डॉ. जी.के. नागर, डॉ. रामरतन शर्मा पर लिखे आलेख नये क्षितिज छूने को प्रेरित करते है। वहीं मैडम प्रभा शर्मा का मालवी गद्य पठनीय, प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय लोकभाषा के प्रति आपकी अभिरुचि प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय है। घर की परिभाषा, क्रांतिदूत, नवनौका आदर्श, नहीं दिखता है, लेकिन होता है, क्रमशः पुष्पा मेहता, शिव मेहता, ब्रजेन्द्र नागर वस्तुतः अपनी रचनाओं से, जय हाटकेश वाणी को स्नेह सौरभ से सुरभित करते हैं। श्रीमद् भागवत में क्या है? श्रीमती बिन्दु मेहता की शोध परक लघु टिप्पणी मन को छूकर, श्रीमद् भागवत्, पारायण की ललक पैदा करती है। पत्रिका इसी प्रकार निरन्तर सामाजिक सरोकारों को बोधित करती हुई, दीर्घ जीवा हों। इसी मंगल कामना के साथ

अभिमन्यु त्रिवेदी 'गड़बड़ नागर'
78/2, वररुचि मार्ग, माधवनगर, उज्जैन (म.प्र.)
(0734-251099)

समाजसेवा में भी अग्रणी...

व्यक्तित्व एवं कृतित्व के धनी अर्थशास्त्री प्रोफेसर डॉ. रामरतन शर्मा

गतांक से आगे...

वर्तमान में रामप्रसाद एण्ड संस, आगरा भोपाल एवं रायपुर ने डॉ. शर्मा की बी.ए. स्तर पर चार एवं स्नातकोत्तर स्तर पर तीन पुस्तकें प्रकाशित की है। स्नातकोत्तर स्तर की पुस्तकें सम्पूर्ण भारत के विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र विषय पर अनिवार्य प्रश्न पत्र के रुप में चल रही है। इस प्रकार डॉ. शर्मा की 1974 से आज तक 56 पाठ्यपुस्तकें प्रकाशित हुई है। जो एक रेकार्ड है। संभवतः मध्यप्रदेश के किसी भी अर्थशास्त्री ने इतनी बड़ी संख्या में पाठ्यपुस्तकें नहीं लिखी है। आपने रामप्रसाद एण्ड संस की पांच अन्य स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए अर्थशास्त्र विषय में पुस्तकें लिखने का अनुबंध किया है। छत्तीसगढ़ हिन्दी ग्रंथ अकादमी ने भी डॉ. शर्मा से पाठ्यपुस्तकें लिखने का अनुबंध किया है।

शोध निर्देशन, शोधपत्र एवं आलेख प्रकाशन- डॉ. शर्मा ने अपने शिक्षकीय जीवन में ❖ 33 शोधार्थियों को अर्थशास्त्र के विभिन्न विषयों पर पीएचडी की उपाधि अवार्ड कर निर्देशित किया। ❖ 6 शोधार्थियों को वर्तमान में निर्देशन कर रहे है। ❖ 2 वृहत् एवं लघु रिसर्च प्रोजेक्ट प्रस्तुत किये। ❖ 5 गांवों का आर्थिक सर्वेक्षण किया। ❖ एन.सी.सी. प्रोजेक्ट आफिसर के रुप में 10 गांवों में वृहत् एन.एस.एस. शिविर लगाये। ❖ माधव महाविद्यालय में 21 वर्ष एवं अर्थशास्त्र अध्ययनशाला विक्रम विश्वविद्यालय में 10 गांवों में वृहत् एन.एस.एस. शिविर लगाये। ❖ माधव महाविद्यालय में 21 वर्ष एवं अर्थशास्त्र अध्ययनशाला विक्रम विश्वविद्यालय में 10 वर्षों तक अध्यापन किया तथा 11 वर्ष तक शिक्षा विभाग में। ❖ 10 हजार से अधिक (अर्थशास्त्र) सामान्य विषयों पर स्टेंडर्ड पत्र-पत्रिकाओं में लेख प्रकाशित हुए और आज भी लेखन कार्य निरन्तर है। ❖ अनेक महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में विषय विशेषज्ञ पद पर कार्य किया। ❖ म.प्र. आर्थिक परिषद में उपाध्यक्ष रहे। ❖ म.प्र. आर्थिक परिषद् जरनल ने शोध पत्रों का प्रकाशन । ❖ उज्जैन सीटी चेनल में उज्जैन नगर के गौरव कार्यक्रम में आपके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर साक्षात्कार का प्रसारण। ❖ देश के विभिन्न आर्थिक परिषद् सेमीनार में सहभागी एवं शोध-पत्रों का वाचन। ❖ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली द्वारा आयोजित अर्थशास्त्र पारिभाषिक शब्दकोष वर्कशाप विक्रम विश्वविद्यालय एवं पं. रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर में सहभागिता। ❖ विक्रम विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में स्पोर्ट्स एवं विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित यूथ फेस्टिवल में 3-4 वर्षों तक संयोजक, एवं विश्वविद्यालय परीक्षाओं के लिए केन्द्राध्यक्ष के रुप में कार्य किया। ❖ मध्यप्रदेश में "Who's who in M.P."में सम्मानजनक स्थान। ❖ पत्रकारिता में 1969 से आज तक का अनुभव। ❖अखिल विश्वगायत्री परिवार शाखा, उज्जैन ट्रस्ट में ट्रस्टी रहे। ❖उज्जैन नगर में रवीन्द्र नगर गृह निर्माण सहकारी समिति के अध्यक्ष तथा रवीन्द्र नगर की स्थापना 1979 में। ❖विक्रम विश्वविद्यालय बोर्ड ऑफ स्टडी के सदस्य रहे। ❖33 वर्षों से पीएचडी शोध निर्देशन। ❖ अनेक विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र विषय में माडरेटर रहे। ❖पीएचडी एवं डी.लिट. के परीक्षक।

अन्य सामाजिक कार्य-

डॉ. शर्मा नागर ब्राह्मण सामाजिक कार्यों में भी सदैव अग्रणी रहे। आपने दैनिक अवन्तिका उज्जैन के संस्थापक स्व. गोवर्धनलाल जी मेहता के दाहिने हाथ के रुप में रहकर पत्रकारिता जगत में स्थान बनाया। आपने दैनिक अवन्तिका उज्जैन की बुनियाद में अपनी सेवाएं प्रदान की और पत्र को आगे बढ़ाने में विज्ञापन प्रबंधक के रुप में तथा बाल जगत सम्पादक के रुप में रहकर कार्य किया।

डॉ. शर्मा ने स्व. मेहताजी के साथ ही नागर ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ, स्व. गोपीलालजी शर्मा राऊ, स्व. गेंदालालजी शर्मा राऊ, स्व. जानकीलालजी नागर राऊ, स्व. मांगीलालजी शर्मा पटेल रुपाखेड़ी, स्व. मायारामजी जोशी पाटपाला, स्व. विष्णुप्रसाद जी नागर उज्जैन, स्व. वैद्य कृष्णवल्लभजी नागर, उज्जैन के सानिध्य में रहकर नागर ब्राह्मण हाटकेश्वर मंदिर न्यास धर्मशाला हरसिद्धि दरवाजा रामघाट, उज्जैन की स्थापना 1976 एवं निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया। स्व. मेहताजी दासाब ने डॉ. शर्मा की विद्वत्ता, अनुभव, कार्य के प्रति निष्ठा, ईमानदारी को दृष्टिगत रखते हुए न्यास का सचिव बनाया तथा आज भी आप इस पद पर सक्रिय हैं। डॉ. शर्मा उज्जैन नगर की विभिन्न सांस्कृतिक, धार्मिक समितियों के सदस्य रहे हैं। आप विगत 20-25 वर्षों से गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के संस्थापक वेदमूर्ति, तपोनिष्ठ गुरुवर पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के आशीर्वाद से गायत्री परिवार ट्रस्ट शाखा, उज्जैन के ट्रस्टी सदस्य रहे और गायत्री मिशन की सभी प्रकार से तन-मन, धन से आज भी सेवा कर रहे है। आप यज्ञ, सभी प्रकार के संस्कार कराने, प्रवचन, गाने बजाने में भी निपुण हैं।

डॉ. शर्मा नागर ब्राह्मण समाज के प्रत्येक दुःख सुख कार्यक्रमों में सदैव भागीदारी निभाते रहे हैं। इसीलिए आपको नागर समाज में विशिष्ट स्थान प्राप्त है। आप उज्जैन नगर में सरल, मधुर, मिलन सारिता तथा एक सज्जन पुरुष (गुरुजी) के रुप में पहचाने जाते हैं। आपने महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में रहते हुए छात्रों एवं सामान्य पाठकों के लिए जो कार्य किया उसके कारण ये उनके बीच बहुत ही लोकप्रिय शिक्षक माने जाते हैं।

आपने 43 वर्षों तक शिक्षा विभाग से लेकर महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में अध्यापन किया और एक लेखक के रुप में अपना नाम भारतवर्ष में गौरवान्वित किया। आज आपके द्वारा पढ़ाये गये छात्र नेता, कलेक्टर, तहसीलदार, उद्योगपति, पत्रकार, वकील, प्रोफेसर के रुप में कार्यरत है। नागर ब्राह्मण समाज उज्जैन ने भी आपके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को दृष्टिगत रखते हुए सम्मानित किया। वस्तुतः आप अपने व्यक्तित्व एवं कृतित्व के कारण उज्जैन नगर ही नहीं सर्वत्र गौरवपूर्ण दृष्टि से पहचाने जाते है। हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं और भगवान हाटकेश्वर, मां गायत्री से प्रार्थना करते है कि आप स्वस्थ्य एवं प्रसन्न रहे और समाज की सेवा में तत्पर रहे। वर्तमान में आप 71 वर्ष के हो गये है और हम भगवान हाटकेश्वर से शतायु होने की कामना करते हैं।

प्रस्तुति-
दीपक शर्मा, इन्दौर

सम्पादकीय

दिवंगत परिजनों को विस्मृत न करें...

क्या आप जानते हैं कि आपके सुनहरे सुन्दर 'आज' के लिए आपके परिजनों ने कितने संघर्ष किए, कितने त्याग किए। हम-तुम बड़ों से सुनते रहते हैं कि पहले बहुत अभाव था, एक वेषभूषा में साल भर निकाल देते थे। खाद्य सामग्री थी तो बहुत सस्ती लेकिन उसका अभाव था, आने-जाने के लिए या तो पैदल का सहारा था या बेलगाड़ी का, यह सब बातें ज्यादा पुरानी नहीं है, हमारे पिताजी ने यदि कम संकट झेला, परन्तु दादाजी इस अभाव और संघर्ष के साक्षी रहे हैं। यह कहानी एक घर की नहीं घर-घर की कहानी हैं उन्होंने संघर्ष किया तो हम सहर्ष हैं। हमारी समृद्धि, प्रतिष्ठा, सुख में उनका बड़ा योगदान है, अभाव और संघर्ष तो अपनी जगह है उन्होंने इनके बावजूद सिद्धांत नहीं छोड़े और सत्कर्म किए। आपने सुना होगा कि 'मां बाप का करम बच्चा होन के भुगतना पड़े' आज तुम यदि सन्तुष्ट और सुखपूर्वक हो तो उसके पीछे अपने बड़े बुजुर्गों के सतकर्म भी है। आज समृद्धि के साथ हम संस्कृति को लुप्त होते देख रहे हैं। सब कुछ है तो भी बेईमानी और भ्रष्टाचार में लिप्त हो रहे हैं। उन्होंने अभाव के बावजूद संस्कार और संस्कृति का दामन थामे रखा। इसलिए अपने दिवंगत परिजनों को याद रखें। बंधुओं मासिक जय हाटकेशवाणी आपको सौजन्य अवसर प्रदान करती है कि आप अपने परिजनों की स्मृति को जीवित रख सकते हैं। साथ ही एक कैलेण्डर भी प्रकाशित किया गया है। इस नागर कैलेण्डर में परिजनों की पुण्यतिथि एवं जन्मतिथि प्रकाशित की गई है। अपने दिवंगत परिजनों की जयंति, पुण्यतिथि पर उन्हें यादकर उनकी तस्वीर पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें अपने साथ होने को महसूस करें। उनके संघर्ष, सत्कर्मों को याद करें। साथ ही नई पीढ़ी को समझाएं कि हमारे पिताजी-दादाजी ने अभाव के बावजूद अपने सिद्धांत नहीं छोड़े इसीलिए वे सुखपूर्वक रहे तथा हमारे लिए सुन्दर संसार की रचना की।

-संगीता शर्मा

विनम्र अनुरोध-

ज्ञातव्य है कि जय हाटकेश वाणी का प्रकाशन प्रतिमाह 6 तारीख को किया जाकर डाक प्रेषित की जाती है। उन सभी सदस्यों को पत्रिका नियमित भेजी जा रही है, जो 250 रु. जमा कर तीन वर्ष के लिये सदस्य बन चुके है। डाक विभाग की लापरवाही से यदि आपको पत्रिका प्राप्त न हो तो कृपया सीधे कार्यालय (0731) 2450018 पर फोन करें। पत्रिका प्राप्त न होने पर पुनः भेजी जाती है। आपके शहर में समाज की गतिविधि से सम्बंधित समाचार एवं फोटो अवश्य भेजें उनका प्रकाशन किया जाएगा जबकि वैवाहिक, जन्मदिन, पुण्यतिथि एवं बधाई सम्बंधि समाचार केवल सदस्यों के ही प्रकाशित किए जाते हैं। पत्रिका का प्रकाशन समाज को जागरुक बनाने तथा आसपास चल रही गतिविधियों से वाकिफ कराने के लिए है अतः पूर्णतः सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें। **- सम्पादक**

सदस्यता आवेदन पत्र

मैं.....

पूरा पता (पिनकोड सहित).....

.....

मासिक जय हाटकेश वाणी का तीन वर्ष हेतु सदस्य बनना चाहता हूँ। जिसके लिए निर्धारित शुल्क 250/-रु. नगद/चैक/ ड्राफ्ट द्वारा निम्नलिखित पते पर भेज रहा हूँ। मैंने यह शुल्क आपके खाते पंजाब नेशनल बैंक A/C नं. 0212002100245085 में जमा किया है।

श्रीमान संपादक महोदय

मासिक जयहाटकेश वाणी

20, जूनी कसेरा बाखल (खजूरी बाजार) इन्दौर

फोन. 2450018 फैक्स-2459026 मो.9425063129

Email-manibhaisharma@gmail.com
jayhotkeshvani@gmail.com

'सुविधा' को दुरुपयोग मत करो

'राम' कने एक बार कई से ज्यादा पइसा अई गया तो उने सुविधा देखी के श्याम के जरुरत पड़ने पे पइसा उधार दई दिया। उने मन से ज श्याम की स्थिति देखी के उकी मदद करी दी, पर 'श्याम' तो राम से उधार पईसा पाने को अधिकार समझी बैठियो। वी पईसा उने लौटई दिया, पर थोड़ा दिन बाद उससे ज्यादा पईसा उधार मांगने पोंची ग्यो। संयोग से उना टेम राम के पईसा की सुविधा नी थी तो उने मना कर दियो। अब श्याम के या बात भोत बुरी लगी। यां तक के राम ने जो पेला उकी मदद करी थी वा भी भूली ग्यो ने मन में उके गाली भी दी। म्हारो केने को यो मतलब है के नरा लोग अपना जीवन में सुविधा को दुरुपयोग करे। जिनके पानी भरपूर मिली रियो है वी उकी कदर नी करे। ऐसा टेम पे उन लोग होण को ध्यान रखनो चाहिए जो अभाव देखी रिया है। तमारे यदि पानी की सुविधा है तो उको दुरुपयोग मत करो। सम्भाली के वापरो। इका अलावा तमारी या आदतज पड़ी गई है के कोई तमारे उंगली पकड़ाए तो तम उको पोंचो पकड़ लो। म्हारो तो यो केनो है के जैसे तमारे सुविधा भोत पसंद है वैसे दूसरा की सुविधा को भी ध्यान रखो। तम घर से बायर निकल्या तो दूसरा वाहन वाला की परवाह नी करीके खुद पेलां निकलनो चाव, सामने वाला वाहन चालक की भी सुविधा देखी लो। किना कार्यालय में गया तो बाबू कई दूसरों काम करी रियो होगा तो तमारे तो जल्दी पड़ी है, उकी सुविधा को भी ध्यान रखी लो। तमारे कोई मदद करे तो उके अपनो अधिकार मत समझी लो, मदद पे मदद मांगने का पेलां सामने वाला की सुविधा को भी ध्यान रखी लो, घर में सब अडमाप है उको सदुपयोग करो जैसी सुविधा होण तमारे मिली है ऐसी सबके थोड़ी मिले पर तम उकी कदर नी करो। अपना काम और वेवार में तम जित्तो आराम ने सुविधा चाव उत्तो ध्यान सामने वाला को भी रखी लो तो या धरती स्वर्ग बनी जाएगी। तम अपनी वाली चलई के सुविधा को दुरुपयोग करो ने, मदद करने वाला का प्रति आभार व्यक्त करने का बजाय उके गाली बको। यो कां को न्याय है। म्हारो यो केनो है के तमारे सुविधा से जित्तो प्यार है, उत्तो ज दूसरा की सुविधा को भी ध्यान रखो तमारो जीवन स्वर्ग जैसो सुन्दर नी बनी जाय तो म्हार से की जो।

-प्रभा शर्मा

बेटियां वरदान है..

बेटियां वरदान है, ये ईश्वर द्वारा प्रदत्त आशीर्वाद है, जो व्यक्ति बेटी को अभिशाप मानकर जन्म से पूर्व ही उनकी हत्या कर देते हैं, वे निश्चित रुप से अपने भाग्य का गला घोंट देते हैं। जब बेटी का जन्म होता है तो वह लक्ष्मी का आगमन है, उसके जन्म के साथ घर में सुख, समृद्धि एवं शांति का आगमन होता है। जब वह पालन-पोषण होकर युवावस्था में विवाह के पश्चात ससुराल जाती है तो दो घरों की तारणहार बनती है। गुणवान, सहनशील बेटी स्वयं पर नियंत्रण रखकर जीवनभर स्वयं भले ही दुःखी रहे परिवार के प्रत्येक सदस्य को खुश रखना चाहती है। आज के युग मेंजब बेटे अपने नई नवेली पत्नी का पल्लू पकड़कर चलने लगते हैं बेटियां अपने माता-पिता का सहारा बनती है वे समाज के प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी है कहा जाए कि आने वाला समय बेटियों का है तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। वर्तमान स्थिति में बेटियों का महत्व एवं ओजस्व जानते हुए भी भ्रुण हत्या, दहेज हत्या जैसी कुरितियां न केवल चिंता का बल्कि आश्चर्य का विषय है। इस वक्त जो बेटियां होकर अपनी बेटियां की हत्या कर रही है उन्हें बेटी का पैगाम है कि 'मां मैं तेरी बेटी हूं, मुझे मत मार मां, मुझे मत मार'' ''मैं ये दुनिया देखना चाहती हूं, तुझसे मिलना चाहती हूं''

मैंने तेरा क्या बिगाड़ा है जो तू मुझे खत्म कर देना चाहती है मैं तो तेरा अंश हूं ना माँ। मुझे मत मार, मुझे मत मार।

उम्मीद है कि बेटी की यह करुण पुकार प्रत्येक व्यक्ति सुने और उसे खत्म करने का पाप न करें।

-कु. श्रद्धा शर्मा

नागर इन्टर प्राईजेस

दलहन एवं तिलहन (अनाज) के क्रेता एवं विक्रेता

प्रोपा.
एल.एन. नागर
राजेश नागर,
सुरेन्द्र नागर

शादी एवं पार्टी के लिये मारुती वेन एवं अन्य वाहन उपलब्ध है

रेल्वे स्टेशन चौराहा, ए.बी. रोड, शाजापुर, (म.प्र.) फोन 228711 मो. 9424000477, 9425034721, 9893800501

मैं ऐसा क्यों हूं?

डॉ. सतीश व्यास, प्लास्टिक सर्जन, एक प्रवासी,

इन्दौर। भारत वंशीय (मिशिगन, अमेरिका) व्यवसायिक कर्म के अतिरिक्त विनम्रता, प्रफुल्लता, मुस्कान, हास्य हंसमुखता लिए उनका लिबास और एक बहु-आयामी ललित कलाओं का पुंज प्रतिभाशाली व्यक्तित्व।

शैशव से आज तक जिन्दगी का सफर समस्याओं, और परेशानियों से जद्दो-जहद करते आसान नहीं रहा। मेडिकल अध्ययन प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने के उपरांत देश में जीवयापन हेतु नौकरी पाने में असफल रहने के बाद, विदेश में परिश्रम व लगन के साथ आगे का विद्याध्यन कर, अमेरिका में स्थापित होकर निजी प्लास्टिक सर्जन के रुप में ख्याति प्राप्त की। आज भी विदेश में कर्मभूमि होने के बावजूद डॉ. व्यास अपनी मातृभूमि से जुड़े हुए है। विगत 30 वर्षों से निरन्तर प्रति वर्ष 2 बार भारत (इन्दौर) आकर जरुरत मदों की निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी कर मानवीय सेवा, समर्पण व कर्त्तव्य धर्म मातृ भूमि के प्रति निर्वाह कर रहे हैं। जन्म भूमि से कर्म भूमि (अमेरिका) की संघर्षपूर्ण प्रगति-यात्रा के जीवन सफर में जो अनुभव व परिस्थितियों से सामना हुआ उस अन्तर्वेदना ने इस व्यक्तित्व को सृजनात्मकता की दिशा में भी मोढ़ दिया। इन्हीं आन्तरिक उद्वेलन का प्रतिफल एक कुशल चित्रकार, मूर्तिकार, भावुक कवि आध्यात्मिकता, देवी-गुणों, सहजता, सरलता, बहुभाषी गायक और वाद्य-वादक के नवीन डॉक्टर का रुप अपनी सर्वांगीणता में सामने देखने को मिलता हैं। इन्हीं गुणों की लिपी बद्ध तस्वीर डॉक्टर साहब की पुस्तक 'मैं कवि नहीं हूं' सचित्र कविता संग्रह के रुप में प्रकाशित हुई है- संग्रह की कविताओं का सबसे मुखर रंग हास्य है, जो अपने पर, परिजनों पर और दोस्तों पर किये गये व्यंग से उद्धृत हैं। भावना का पथिक जीवन उनके मन का क्रंदन जो व्यंग के कड़े कवच में छुपा, उनकी कविताओ में भी उभर कर आया हैं। **डॉ. सतीश व्यास के कविता संग्रह का लोकार्पण, नई दिल्ली में माननीय डॉ. मुरली मोहन जोशी के मुख्य आतिथ्य एवं आदरणीय डॉ. गोविन्द व्यास की अध्यक्षता में दिनांक 14 दिसम्बर 2008 को हिन्दी भवन सभागार, नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ।** डॉ. सतीश व्यास जी को 'मां सरस्वती' की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी अवसर पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन भी सम्पन्न हुआ। सर्व श्री अल्हड़ बीकानेरी, श्री अरुण जेमिनी, डॉ. सुरेश अवस्थी, सुश्री नूतन कपूर, श्री दिनेश रघुवंशी, सरदार मंजीतसिंह, श्री नरेश शाण्डिल्य, श्री योगेन्द्र मुद्‌गिल, श्रीमती अंजू जैन कवियों ने अपनी रचनाओं के पाठ से उपस्थितों को आल्हादित किया।

❖ डॉ. सतीश व्यास की दो कविताएं ❖

मैं कवि नहीं हूं

मैं कवि नहीं हूं, केवल एक कुशल दर्जी हूं,
कल तक तो कपड़े सीता था,
अब जर-जर जीवन सीता हूं।
जीवन के अंतरद्वन्द्वों ने किये वस्त्र जब क्षीण,
तो रफू से किया रिपेअर।
दुष्टों ने की छीना-झपटी,
दुर्जन फाड़ गये जब चादर,
हृदय फटा और हुआ रक्त से रिक्त,
तब स्वाभिमान की सुई में,
मर्यादा के धागे डाले।
सीता गया, संजोता गया, स्वयं को प्रतिपल
पर हुआ नहीं मैं नग्न।
मैं कवि नहीं हूं केवल एक कुशल दर्जी हूं।

मित्र

यदि इस लोक के आगे कोई परलोक है,
और आत्मा की आह सुनने के लिए परमात्मा।
तो कभी जीवन की सरिता,
सागर में घुल मिल जाएगी,
तब किनारा एक होगा,
क्षितिज होगा एक,
जलाशय एक होगा,
फासले मिट जाएंगे,
और हम खड़े होंगे निकट,
तकते प्रभाती सूर्य को।
हम खड़े होंगे निकट
तकते प्रभाती सूर्य को।

प्रस्तुति- पुरुषोत्तम जोशी
528, उषा नगर, एक्स. इन्दौर

खंडवा नागर समाज के पूर्व अध्यक्ष

स्वर्गीय श्री गजानन काशीशंकर शर्मा- एक संस्मरण

मेरे पूज्य पिताजी स्वर्गीय श्री गजानन काशीशंकर शर्मा की 16 वीं पुण्य तिथि पर मैं उन्हें श्रृद्धा सुमन अर्पित करती हूं और मेरी याददाश्त के अनुसार उनके साथ बिताये हुये पलों कों मैं अपने सजातीय भाई बन्धुओं के साथ बांटना चाहती हूं। उन्हें याद करके ऐसा महसूस होता है मानो कल ही की बात हो। पिताजी का मुझसे विशेष लगाव था कारण मैं हमेशा उनकी बात मानती थी जहां उनकी बात में सहमति न देनी होती तो मैं तर्क वितर्क करके अपनी बात मनवा लेती थी। वे बहुत ही सरल स्वभाव के थे गुस्सा उन्हें बहुत ही कम आता था। यदि नाराज हो भी जाते और डॉट देते थे तो हम सहम जाते तब वह धीरे से व्यंगात्मक हंसी में मुस्कुरा देते थे जिससे हम पर उनकी डॉट का असर नहीं होता था। इस तरह हम अपनी गलती दोहराया करते थे।

मैं कक्षा 9 वीं में थी तब से वे मुझे अपना पूरा वेतन दे दिया करते थे और कहते थे तुम ही घर का सामान आदि देखो कभी भी हिसाब नहीं पूछा उनका वेतन ऑफिस का चपरासी लिफाफे में रखकर लाता था। बाद में जब हम पिताजी से पूछते की कितना पैसा है तो कह देते उसमें लिखा होगा सब बराबर है। उन्हें पैसे से मोह नहीं था उनका कहना था पैसे के पीछे भागोगे तो पैसा दूर जावेगा यदि नहीं भागोगे तो पैसा पास आवेगा। 35 वर्ष की सेवानिवृत्ति के पश्चात उन्होंने एक बैंक में अपना खाता खोला। एक बार दीपावली की छुट्टियों में रेलवे पास निकालने के लिए हम से पूछा कि कहां जाना है। मैंने और मेरी छोटी बहन रेखा ने कश्मीर जाने की फरमाईश की पास निकाला किन्तु इटारसी में जहां हम रहते थे एक एक्सीडेंट होने के कारण उनकी छुट्टी रद्द हो गयी। चार दिन बात जब हम से पूछा अब कहां चलना है तो छोटी बहन ने नाराज होकर कहा अब मैं आपके पास से कभी यात्रा नहीं करुंगी। इस तरह बहन की शादी होने तक उसने पिताजी के पास में यात्रा नहीं की। उस वक्त मैं पिताजी के साथ अकेले बैंगलुर, मैसूर, हैदराबाद, नागपुर घूमकर आयी। मेरे पिता बड़े धार्मिक प्रवृत्ति के थे जीते जी मैंने अपने पिताजी को ही भगवान का दर्जा दिया उन्हें ही अपना दोस्त माना। उनके जाने के बाद मेरा ध्यान आध्यात्म से जुड़ता चला गया।

पिताजी अपनी मां की बहुत इज्जत करते थे कभी उनसे तेज आवाज में बात नहीं की। दादी ने एक दिन कहा मुझे रामेश्वर की यात्रा करनी है तो पिताजी ने सपरिवार रामेश्वर की धार्मिक यात्रा करायी। बाद में मैंने अपने पिताजी के साथ द्वारका, रामेश्वर, मदुरै, तिरीचापल्ली, तिरुपति, मद्रास, बद्रीनाथ, केदारनाथ, ऋषिकेश, हरिद्वार आदि सभी तीर्थ स्थलों की यात्रा की। बद्रीनाथ की यात्रा सन् 1982 में जब उनकी उम्र 60 वर्ष की थी, केदारनाथ की चढ़ायी पिताजी ने पैदल की तब ऐसा लगा कि मैं अपने माता-पिता को स्वर्ग की सीढ़ी चढ़ा रही हूं। उन्होंने मुझे कभी बेटी नहीं समझा बेटा ही समझते थे। वह दिन भर में मेरा नाम 15 या 20 बार ले लेते थे उनके न रहने पर आज भी कभी-कभी कानों में शक्ति-शक्ति शब्द गूंज उठता है। इसी वर्ष दिनांक 1/9/08 से 11/9/08 तक मैं बीमार पड़ी रेलवे में सिक लगाया पूरी रात मैं बुखार में तपती रही। तब मुझे पिताजी बहुत याद आये मैं रातभर रोती हुई सो गयी। मुझे पिताजी सपने में दिखाई दिये। कहने लगे अरे तू तो मेरी बेटी नहीं बेटा है ठीक हो जायेगी रोती क्यों है। तेरी जीजी (हम अपनी मां को जीजी कहते हैं) तेरे पास है घबरा मत। तब हमने आंख खोलकर देखा तो हमारी माँ हमारे पास खड़ी पूछ रही थी बुखार तो नहीं है। उस वक्त सुबह के 5 बजे का समय था। इस तरह मेरे पिता निधन के बावजूद भी आज मेरे साथ है। दिसम्बर का माह आते ही 31 दिसम्बर 1992 की रात 10 बजे मैंने अपने पिता को गुलाब जामुन बनाकर खिलाये और आने वाले नये वर्ष की शुभकामनाये भी दी, 1 जनवरी 1993 को सुबह मेरी बेटी योगिता नागर की तबियत खराब होने के कारण पिताजी उसे डॉक्टर के पास ले गये। मैं रोने लगी कि मेरी बच्ची के चेहरे पर कैसे सुजन आ गई कैसे ठीक होगी तो पिताजी कहने लगे। ऐसे हम भी रोने लगते तो तुम्हें कैसे पालते। सब ठीक हो जायेगा और कहने लगे योगिता तो सब बच्चों में सबसे आगे निकलेगी। दोपहर को मैंने पिताजी के साथ बैठकर खाना खाया मेरी भाभी स्व. प्रतिभा शर्मा ने हमें उस वक्त गरम-गरम खाना परोसा खाना खाकर मैं अपने ऑफिस चली गई और भाभी शाम 5 बजे नेपानगर को रवाना हो गई। 5.30 पर जब मैं घर पहुंची तो मैंने देखा मेरी बेटी योगिता नाना को चम्मच से पानी पिला रही थी उस वक्त उसकी उम्र मात्र 4 वर्ष की थी घर में कोई नहीं था। पिताजी की तबियत खराब होने लगी मैंने तुरन्त मेरे काका श्री ऋषी कुमार शर्मा को बुलाया उन्होंने एम्बुलैंस से पिताजी को अस्पताल पहुंचाया 2 घंटे के भीतर वे स्वर्ग सिधार गये मैंने पंचाग में देखा उनकी राशि देखी जिसमें लिखा था लम्बी यात्रा होगी।

अच्छे इंसान को ईश्वर भी प्यार करते हैं उसके पश्चात 6 माह बाद मेरी दूसरी पुत्री विधी नागर ने जन्म लिया तब मेरे पिता मुझे सपने में दिखाई दिये और मेरी 8 दिन की बच्ची को उठाकर मंदिर ले जाने लगे तब मां ने कहा ये क्या कर रहे हो अभी महिने भर की भी नहीं तो कहने लगे भगवान के दर्शन में उम्र का क्या काम है। तब मैंने पूछा आप हमको छोड़कर क्यों चले गये वापस आ जाओ तो कहने लगे तुम नागर समाज गयी थी, हाटकेश्वर जयन्ती पर गयी थी, क्या राजेन्द्र मामा मिले थे तो मैंने कहा मैं कही नहीं जाती इस पर पिताजी कहने लगे नागर समाज में जाया करो माताजी के मंदिर में जाया करो। मैं एक दिन तुम्हें अवश्य मिलूंगा और सुबह 6 बजे मेरा सपना टूट गया। मैं हमेशा मंदिर जाती हूं हाटकेश्वर मंदिर भी जाती हूं पर मुझे कहीं भी उनके चरणों के निशान नहीं मिलते।

सुपुत्री- शक्ति नागर, खण्डवा

राम-कथा [राम व्यथा]

भारतीय समाज में भगवान रामचन्द्र का एक अलग ही स्थान है। कोई भी मुसीबत आने पर 'हे राम' या नमस्कार के स्थान पर 'श्रीराम' भी कहा जाता है। किन्तु सत्य तो यह है कि भगवान श्रीराम सहानुभूति के पात्र है। हर जगह इंसान ही सहानुभूति का पात्र क्यों?

बेचारे राम के नाम की हर जगह फजीहत है। ऑफिस में बॉस अनुपस्थित हो और शेष स्टाफ का मस्ती मारो कार्यक्रम चल रहा हो, मक्कारों की फौज हो तो 'रामराज चल रहा है' कहा जाता है। मक्कारों के बीच राम या राम का राज?

प्रकृति का नियम है। सीधे-सादे को लोग ज्यादा परेशान करते हैं। राम भी बड़े सीधे-सादे, सहनशील रहे होंगे. इनोसेन्ट टाईप। पिता ने कहा तो जंगल चल दिए। पत्नी ने कहा तो हिरण पकड़ने दौड़ पड़े। घर आकर देखा तो वाईफ गायब। आश्चर्य तो हुआ पर क्रोध नहीं के बराबर। इतने पर तो आजकल बड़े-बड़े अपराध तक हो जाते हैं। पत्नी को रावण के चंगुल से छुड़ाने में वर्षों खराब हो गए। टेन्शन अलग। सुनते हैं भगवान आकाश में उड़ लेते थे। फिर क्या प्रॉबलम थी? उड़कर फटाफट लंका पहुंचते और मामला निपट जाता। बरसों खराब हो गए।

एक बैंक शाखा के प्रबंधक तो बड़े ही नास्तिक निकले। कह रहे थे, 'राम ने ऐसा किया ही क्या जो इतना नाम चलता है राम का' पूरी जिन्दगी में एक बार साउथ गए और रावण को मारा। (जैसे कोई डिपार्टमेंट से एलटीसी सुविधा लेकर साउथ इंडिया घूमने गया हो) ''पूरा साउथ घूम चुका हूं'' वे बोले बड़े-बड़े विस्फोट करके संसार हिला दिया कई लोगों ने। यह बात अलग है कि उन पर ग्रंथ लिखने वाले वाल्मीकि और तुलसीदास मौजूद नहीं।

भगवान रामचन्द्र ने बहुतों का परोपकार किया। वे न होते तो बेचारे वाल्मीकि और तुसलीदास क्या लिखते? इतनी लम्बी स्टोरी मिली उन्हें लिखने को। रामचन्द्रजी यदि प्रोसीजर को लम्बा नहीं खींचते तो ये लोग क्या लिखते? महात्मा गांधी अंतिम समय में गोली खाते समय क्या बोलते? शवयात्रा में लोग राम की जगह क्या नाम लेते। राम के जैसा सीधा, नेक और परोपकारी आज तक नहीं हुआ। बेचारे अयोध्या से जंगल की ओर चले तो बिना किसी इंतजाम के। खराब रास्तों पर भटकने के लिये पैर में स्पोर्ट्स शूज वगैरह कुछ नहीं। लकड़ी की खड़ाऊ पहनी। हाथ में मोबाईल वगैरह भी नहीं कि मित्र-रिश्तेदारों से टच में रहो। एसएमएस ही कर दो, 'मैं जंगल में पहुंच गया' घरवाले मोबाईल पर लोकेट तो कर लेते। रिलायन्स, बीएसएनएल, एयरटेल, आयडिया वगैरह ने भी उस समय उनका कठिन समय में ध्यान नहीं रखा। ये सभी बाद में जागे। चलो कोई बात नहीं क्योंकि रखते भी तो जंगल में नेटवर्क कवरेज की समस्या तो आती ही। बेकार है सब कंपनियां। अब आई है बाजार में। अरे जब तुम हमारे भगवान का ही ध्यान नहीं रख पाए तो हम इंसानों की क्या औंकात? अब क्या। अब तो बहुत देर हो चुकी । हमारे भगवान तो चौदह साल तक नेट में उलझे रहे और आज हम वर्क में उलझे हैं।

आज हमारे रामचन्द्रजी होते तो ओलंपिक में भारत के लिए अभिनव बिन्द्रा के साथ तीरंदाजी में स्वर्णपदक ले आते। बाकी देशों के प्रतियोगी तो हमारे भगवान से डरकर पहले ही पीछे हटने लगते। आखिर भगवान है भाई। भगवान को कौन हरा सकता है? एकाध रजत पदक, साथ गया लक्ष्मण भी ले आता। चौदह साल जंगल में निशानेबाजी की प्रैक्टिस करते तो अभिनव बिन्द्रा को कहीं पीछे छोड़ देते। बीजिंग के बाद लन्दन के ओलम्पिक में भारत के प्रतिनिधि के रुप में राम का नाम अभी से पक्का हो जाता। बीजिंग से उनके स्वर्णपदक लेकर लौटने पर एयरपोर्ट पर स्वागत और जयघोष होता- 'जयश्रीराम' सीता भी जंगलों में कूदने-फांदने की प्रैक्टिस करते एक अच्छी एथलीट होती। ऊंची कूद में एकाध कांस्य पदक तो ले ही आती। पर अवसर प्राप्त नहीं हुआ। एक्सपोजर नहीं मिला। बेचारे राम का कैरियर स्पॉईल कर दिया कैकयी ने। हम हैं, कि अपने बच्चों का कैरियर बनाने में लगे है। दशरथ का गणित कुछ समझ में नहीं आया। बच्चों के कैरियर के लिए लोग क्या नहीं करते। दशरथ ने कैकयी को प्रामिस क्या किया, बेचारे राम फंस गए। उस जमाने में पैरेन्ट्स जागरुक नहीं थे। इतना बड़े टैलेन्ट बेकार हो गया। राम भी सीधे-सादे थे। पिता का आदेश मिला तो कुछ बोल भी नहीं पाए। आजकल के बच्चे तो बड़े-बड़ों को समझा देते हैं। पापा, आपको यह नहीं मालूम, ऐसा करो या वैसे करो। पापा ने कहा तो राम जीवन के चौदह वर्ष जंगल में बिगाड़ आए। वेस्टेज ऑफ टाईम। इतने समय में कम से कम तीन बार इंजीनियरिंग हो जाती है। अच्छी कम्पनी में प्लेसमेन्ट के साथ इतने वर्ष में पैकेज शानदार हो जाता है। अच्छे शहरों में सुविधा के साथ रहना मिलता है। जंगल में कुटिया में नहीं। बेचारे राम की जवानी बिगड़ गई। बच्चे कैरियर के लिए एक साल का ड्राप लेना भी रिस्क समझते हैं। रामचन्द्रजी के तो चौदह वर्ष में उम्र बढ़ने के साथ बाल सफेद होने लगे होंगे। सीताजी के भी। तस्वीरों में तो काले ही दिखते हैं। डाय वगैरह किया करते होंगे। कौन जाने।

बहरहाल शवयात्रा में 'राम नाम सत्य है' बोला जाता है जैसे राम के नाम की सत्यता पर कोई संदेह हो या राम नाम की सत्यता को हमारे सर्टिफिकेट की आवश्यकता हो। कहने की भला क्या आवश्यकता? राम का नाम यदि वाकई में सत्य है तो मांगलिक प्रसंगों में या वरमाला के समय क्यों नहीं? शादी के मण्डप में वरमाला को वधू द्वारा जब वर के गले में डाला जाए तो सब बोलो 'राम नाम सत्य है' इसमें गलत या बुरा क्या है? वधू की भावना होनी चाहिये कि उसका पति ही उसका राम है और यही सत्य है। हो गया राम नाम सत्य। आगे 'कुर्यात सदा मंगलम्।' हजारों देवी देवता हैं। सबकी अपनी-अपनी जवाबदारियां है। मरने के समय का काम भला राम ही क्यों देखे। अब ड्यूटी चेन्ज भी करो। मंगल प्रसंगों में शादी के कार्ड में राम को वेटेज मिलना चाहिये। शादी की पत्रिका में अन्य भगवानों और इंसानों के नाम के साथ कहीं पर लिखा हो, 'श्रीराम जयराम जयजय राम' या 'राम नाम सत्य है'। मांगलिक कार्य में, भजन संध्या में, कीर्तन में, आनन्द के अवसर पर गणेश, श्रीकृष्ण, भोलेनाथ, दुर्गामैया। मरने में राम का नाम। राम की ड्यूटी मुक्तिधाम में। चुनाव जीतने के लिये राम को घसीटो। आखिर राम को वापरने की कोई सीमा है या नहीं?

समय तेजी से बदल रहा है। नई पीढ़ी अपेक्षाकृत अधिक बुद्धिमान है। कई प्रतिभाएं है। पहले वाली बात नहीं कि बड़ों ने कहा और चुपचाप मान लो। बच्चे नए आईडियाज के साथ बड़ों को सलाह देते हैं। बुद्धि, अनुभव को सुपरसीड कर रही है। शुक्र है, राम-रावण की कहानी अब भी वैसे ही जीवित है। तेजी से बदलते युग में भीसभी उम्र के लोग प्रभु की शक्ति में विश्वास रखते हैं। समाज और लोग आस्तिक हैं यही परम संतोष है। जय श्रीराम।

प्रेषक-

विनय नागर

125, पलसीकर कालोनी, इन्दौर

मो. 9893449974, 9893944336

जहां अपरिचित व्यक्ति भी हंसकर मिलते हैं

मेरे जीवन की यह दूसरी विदेश यात्रा थी। इससे जुड़ी कुछ बातें व संक्षिप्त विवरण इस लेख के माध्यम से प्रकाशित कर रहा हूं। दो साल पहले हम दोनों (मैं व मेरी पत्नी) जब रोमानिया गए थे तब जो रोमांच था वह इस बार कुछ ज्यादा ही था। क्योंकि इस बार हम लोग यूरोप के कुछ सुन्दर स्थान देखने जा रहे थे। हमारी यात्रा 10 जून 08 से प्रारंभ हुई जब हम 'अवंतिका एक्सप्रेस' से मुंबई पहुंचे। वहां से 13 जून 08 की रात्रि में 'ऐयर फ्रांस' से हम रवाना हुए। एक बुरा अनुभव हमें इस यात्रा के प्रारंभ में देखने को मिला। हुआ यूं कि हमारे पास 4 सूटकेस (बड़ी साईज) थे। वहां का कर्मचारी बोला कि आपका सामान स्वीकृत वजन से अधिक है, अतः अतिरिक्त भाड़ा लगेगा। यह सब हमारे एयरपोर्ट्स पर ही होता है। जैसे-तैसे 2,000/- देकर आगे बढ़े। 1.40 (मध्य रात्रि) पर हमारा प्लेन 'पेरिस' के लिये उड़ा। प्रातः 8 बजे हम वहां से दूसरे प्लेन द्वारा 'एक्सटरडम' (हालेण्ड) पहुंचे जो मात्र $1^{1/2}$ घंटे का सफर था। हमने उतरकर सबसे पहले अपनी घड़ी वहां के समयानुसार मिलाई। भारत व नीदरलैंड के समय में $3^{1/2}$ घंटे का अंतर है। एयरपोर्ट पर मेरा कनिष्ठ पुत्र मनीष-परिवार सहित उपस्थित था। कार द्वारा हम लोग 1 घंटे की सफर पूरी कर 'रोटरडम' पहुंचे जहां मेरा पुत्र 'अर्सेलट-मित्तल कं.' में कार्यरत है नीदरलैण्ड में दो दिन बाद हम 'किन्डरडाइक' नामक स्थान पर गए जिसकी गणना "World Heritage"में होती है। यह स्थान पवन चक्कियां (Windmills) के लिये प्रसिद्ध है व दर्शनीय है। सबसे पहली 'पवन चक्की' यहां सन् 1738 में बनाई गई थी। नीदरलैंण्ड (हॉलेण्ड) समुद्रतल से काफी नीचे है और जल प्रबंधन में इन पवन चक्कियों से काफी मदद मिलती है। पूरे हॉलेण्ड में ऐसी पवनचक्कियां यहां-वहां देखने को मिलती है।

21 जून को हम 'ग्लीथॉर्न' नामक सुंदर स्थान पर घूमने गये। यह स्थान हॉलेण्ड का 'वेनिस' कहलाता है। चारों ओर हरी वादियों के बीच एक बड़ी सी झील देखी तो ऐसा लगा जैसे हम किसी समुद्र किनारे आ गये हो। उस झील में हमने दो घंटे बोटिंग का आनन्द लिया। बहुत ही जीवन का आनन्ददायक क्षण था।

रोटरडम में प्रति मंगलवार व शुक्रवार को हमारे गांवो के 'हाट' (साप्ताहिक बाजार) जैसा बाजार लगता है, पर इतना बड़ा व विस्तृत होता है कि हर चीज मिल जाती है। यह भी दर्शनीय होता है।

29 जून को हमारी यात्रा 'नीदरलैण्ड' की राजधानी 'एमस्टरडम' की रही। काफी बड़ा, सुन्दर भवनों से आच्छादित व चारों और पानी ही पानी, साफ-सुंदर सड़के, व्यवस्थित बाजार वाला शहर है। 3-4 घंटे घूमने के बाद हम वापस रोटरडम आ गए।

1, जुलाई 2008 को हम लोग फ्रांस, जर्मनी होते हुवे 'लक्जमबर्ग' पहुंचे। 'लक्जमबर्ग' बहुत छोटा देश है लेकिन यूरोप में इसका नाम तीसरे धनी देश के रुप में आता है। 'लक्जमबर्ग' चारों ओर मनोरम पहाड़ियों व झीलों से घिरा एक मनोहारी देश है। दो दिन घूमकर वापस रोटरडम आ गए।

हॉलेण्ड (नीदरलेण्ड) की एक विशेषता देसी-सुंदर से बसे गांव, चारों ओर हरियाली, नहरों का जाल, प्यारे-प्यारे लोग। **अनजान भी मिलता है तो मुस्कुराकर 'हलो' जरुर करता जबकि हमारे भारत में अपरिचित कभी नमस्ते भी नहीं करता है।** हॉलेण्डवासियों को फूलों से बहुत प्यार है- गांव हो या शहर हर घर के आगे विविध प्रकार के फूल जरुर मिलेंगे। जून से अगस्त तक के माह गर्मी के रहते हैं, अतः फूल भी खूब खिलते हैं बाकी तो बर्फ ही रहती है। मार्च-अप्रेल में ट्यूलिप को फूल खूब दिखाई देते हैं। नीदरलेंड की कार्य संस्कृति (वर्क-कल्चर) हमारे देश से बिल्कुल भिन्न है वहां प्रातः 9 से सायं 6 के बाद कोई कार्य नहीं करता है। साथ ही शनिवार, रविवार वीक एण्ड मनाया जाता है। हमारे यहां तो अधिकारी व कर्मचारी देर रात तक तथा छुट्टी के दिन भी कार्य करते हैं। दिनांक 18, जुलाई को हम दुनिया के स्वर्ग स्विटजरलैंड की यात्रा पर एक सप्ताह के लिये चल पड़े। रोटरडम से प्रातः 8 बजे चलकर कार द्वारा ब्रसेल्स होते हुए 'लक्जमबर्ग' पहुंचे। वहां रात बिताई एक दूसरे दिन स्विटजरलैण्ड हेतु निकले। रास्ते में फ्रांस, जर्मनी के कई गांव व शहरों से गुजरे। लगभग 12.30 पर 'स्ट्रासबोर्ग' नामक शहर होते हुवे शाम 4 बजे स्विटजरलैण्ड के 'इन्टरलेन' स्थान पर पहुंचे। यह जगह स्विस में सबसे सुन्दर है। भारतीय फिल्मों की काफी शूटिंग लोकेशन यहां है। सारे स्थान खूबसूरत बर्फआच्छादित पहाड़, बडीरे, झीलें सच में स्वर्ग में आ गए, ऐसा लगा। शहर के बीचो बीच नीले रंग के पानी की नदी देखी। 20, जुलाई को हम शिलयॉर्न पहाड़ पर केबल कार द्वारा पहुंचे। य ह स्थान समुद्रतल से 2938 मीटर ऊंचा व यूरोप का टॉप कहा जाता है। उपर तक पहुंचने में हमें 45 मिनिट लगे। वापसी में हमने 'ट्रमबॉक' जल प्रपात, जो जमीन के अंदर की ओर है, देखा। दस ग्लेशियर जलप्रपात है जिसमें भयंकर गर्जना के साथ 20,200 लिटर प्रति सैकण्ड के हिसाब से पानी गिरता है क्या कुदरत का करिश्मा था। स्विटजरलैंड में जहां-तहां बड़ी-बड़ी झीलें (समुद्र की अहसास कराती हुई) है पानी इतना निर्मल व स्वच्छ की हमारे देश की बड़ी-बड़ी नदी भी शर्मा जाए। इस प्रकार हमारी यात्रा सम्पन्न हुई। बहुत ही मजा आया। भाग्य ने हमें ये प्राकृतिक सौंदर्य दिखाया जिसके वर्णन को मैंने शब्दों में पिरोने की कोशिश की है सचमुच अवर्णनीय है। इतना सब कुछ देखने के बाद भी लगता है कि हमारा देश सचमुच महान है।

महेश त्रिवेदी, 200 सिल्वर ऑक्स, इन्दौर

हाल निर्माण के संकल्प के साथ, हुई चार लाख रुपये की व्यवस्था

पीपलरांवा। प्रबल इच्छा शक्ति एवं पारदर्शिता से किये जा रहे कार्य से कोई भी बड़ा से बड़ा संकल्प सहज रुप से पूरा हो जाता है। पीपलरांवा की नागर परिषद इसका उदाहरण है। पीपलरांवा में नागर समाज के मात्र 10 परिवार है जिन्होंने विगत 10 वर्ष में 9 लाख रुपये के निर्माण कार्य करवाकर समाज के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

गत 17 नव 08 को नागरों के ईष्टदेव भगवान श्री हाटकेश्वर पीपलरांवा के सानिध्य में नागर परिषद शाखा पीपलरावां के अध्यक्ष श्री हरिनारायण नागर की अध्यक्षता में परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिससे अध्यक्ष श्री नागर ने विगत 6 माह का लेखा विवरण प्रस्तुत करते हुए बतलाया कि स्वजन श्री कन्हैयालालजी व्यास, डॉ. श्री पूर्णानंदजी व्यास, डॉ. श्री धर्मेन्द्रजी नागर, श्री गोपालकृष्णजी व्यास तथा श्री रमाशंकरजी नागर से 1 जुलाई 07 को प्रत्येक से दस-दस हजार रुपये लिया गया ब्याज मुक्त ऋण 30 नव. 08 तक सभी को क्रमवार भुगतान कर वर्तमान में दस हजार रुपये की निधि तथा विगत 10 फरवरी 08 को पीपलरांवा में आयोजित नागर परिवार मिलन एवं सम्मान समारोह के अवसर पर नागर भूषण पं. श्री कमलकिशोरजी नागर द्वारा प्रदत्त सहयोग राशि रु. 10,1111 (एक लाख एक हजार एक सौ ग्यारह) एफ.डी.के रुप में बैंक में सुरक्षित है। इस राशि के सदुपयोग हेतु परिषद ने सर्व सम्मति से निर्णय लिया कि परिषद द्वारा कुंडीवाली भूमि 70X30 फीट पर एक सुन्दर हाल निर्माण किया जावें, जिसकी अनुमानित अधिकतम राशि 5 लाख रु. होगी। इनमें से शेष चार लाख रु. में से लगभग डेढ़ लाख रुपये स्थानीय (पीपलरांवा, इकलेरा माताजी एवं सोनकच्छ) स्तर पर ब्याज मुक्त ऋण संकलित किये जाने का लक्ष्य रखा गया जो पूर्ण कर लिया गया है। शेष ढाई लाख रुपये देवास, शाजापुर, इन्दौर एवं उज्जैन आदि नागर पुष्प वाटिकाओं में से ऐसे पुष्पों का चयन कर ईष्टदेव भगवान श्री हाटकेश्वर पीपलरांवा को अर्पण किये जावें जो उदात्त एवं अर्थ सौरभ समृद्ध है। बैठक में उपाध्यक्ष श्री त्रिभुवनलाल मेहता, कोषाध्यक्ष श्री राजेन्द्र कुमार शुक्ल, डॉ. श्री चन्द्रकांत त्रिवेदी, डॉ. श्री अशोक कुमार व्यास, राघवेन्द्र मेहता तथा श्री सुरेशचन्द्र त्रिवेदी सहित लगभग सभी सदस्य उपस्थित थे। उक्त नगरों से लक्षपूर्ति हेतु गत 14 दिस. 08 को परिषद अध्यक्ष श्री हरिनारायण नागर के नेतृत्व में कोषाध्यक्ष श्री राजेन्द्र कुमार शुक्ल, सचिव श्री रमेशचन्द्र नागर, डॉ. श्री चन्द्रकांत त्रिवेदी, श्री चन्द्रकांत व्यास (दादाभाई), श्री गोपालकृष्ण व्यास एवं श्री अरविन्द नागर का एक शिष्टमण्डल प्रातः 8 बजे पीपलरावां से यात्रा पर निकला तथा 1,32605/- रु. ब्याज मुक्त ऋण का लक्ष्य पूर्ण कर वापस रात्री बारह बजे पीपलरावां पहुंचा। इस राशि में से रु. 42605/- पूर्ण समर्पित है। इस प्रकार इस समाचार के लिखे जाने (20 दिस. 08) तक रु. 392605/- संकलित एवं स्वीकृती प्राप्त हो गई है। अध्यक्ष श्री नागर ने बतलाया कि शेष एक लाख रु. की राशि 31 जनवरी 08 तक प्राप्त होने के लिये हम आशान्वित है। उल्लेखनीय है कि जिन महानुभावों द्वारा ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जा रहा है उसके भुगतान तक की अवधि का ब्याज 5 प्रतिशत मासिक दर से नकद राशि के रुप में शिलालेख में उल्लेख किया जावेगा। यह राशि 31 दिस. 2010 तक हर दशा में भुगतान कर दी जावेगी। निर्मित हाल नागर भूषण पं. श्री कमलकिशोरजी नागर सेमली आश्रम के नाम समर्पित होगा तथा उन्हीं के कर कमलों द्वारा समारोह पूर्वक इसका शुभारम्भ होकर इस अवसर पर सहयोगदाताओं को यथोचित सम्मानित किया जावेगा। सहयोग अपेक्षित है।

1. श्री बृजगोपालजी मेहता, शाजापुर, 10000.00 सम्पूर्ण राशि श्री हाटकेश्वर के चरणों में समर्पित की गई, 2. श्री कन्हैयालालजी व्यास, पीपलरावां , 10000.00 राशि सधन्यवाद वापस की गई, 3. श्री गोपालकृष्णाजी व्यास, इकलेरा माताजी, 10000.00, तथैव, 4. श्री डॉ. धर्मेन्द्रजी नागर, सोनकच्छ, 10000.00, तथैव, 5. श्री रमाशंकरजी नागर, देवास, 10000.00 तथैव, 6. डॉ. श्री पूर्णानंदजी व्यास, उज्जैन, 10000.00, तथैव

परिषद् द्वारा चयनीत पुष्प (ब्याजमुक्त ऋण समर्पण राशि विवरण)

1. श्री कन्हैयालालजी व्यास, पीपलरावां 50000.00 स्वीकृती प्राप्त, 50000.00 आवश्यकता होने पर और स्वीकृति का आश्वासन, 2. श्री हरिनारायण नागर (अध्यक्ष), पीपलरावां, 10000.00, स्वीकृती प्राप्त, 3. श्री राजेन्द्र शुक्ल (कोषाध्यक्ष) पीपलरावां 10000.00, तथैव, 4. श्री गोपालकृष्णाजी व्यास, इकलेरा माताजी, 20000.00, तथैव, 5. श्री जनेषचन्द्रजी नागर इकलेरा माताजी 20000.00, सम्पर्क शेष है। 6. श्री डॉ. धर्मेन्द्रजी नागर, सोनकच्छ 10000.00 स्वीकृती प्राप्त, 7. श्री सुशील जी नागर (एड्व्होकेट) सोनकच्छ 10000.00, तथैव, 8. श्री रमाशंकरजी नागर, देवास 20000.00 तथैव, 9. श्री बृजगोपाल मेहता (स.आ.), शाजापुर, 50000.00, स्वीकृती प्राप्त, राशी शीघ्र प्राप्त होगी, 10. श्री राजेन्द्रकुमारजी नागर, शाजापुर, 10000.00, स्वीकृति प्राप्त, 11. श्री आशीषजी त्रिवेदी, इन्दौर 10000.00, सम्पूर्ण नकद राशि प्राप्त एवं श्री हाटकेश्वर के चरणों में समर्पित, 12. श्री प्रवीण कुमारजी त्रिवेदी, इन्दौर 10000.00, सम्पूर्ण नकद राशि प्राप्त एवं श्री हाटकेश्वर के चरणों में समर्पित, 13. श्री रमेशप्रसादजी रावल, इन्दौर, 10000.00, स्वीकृति प्राप्त, 14. श्री सत्यनारायण शर्मा, इन्दौर, 5101.00 सम्पूर्ण नकद राशि प्राप्त एवं श्री हाटकेश्वर के चरणों में समर्पित, 15. श्री संतोष कुमार नागर, इन्दौर 5001.00 सम्पूर्ण नकद राशि प्राप्त एवं श्री हाटकेश्वर के चरणों में समर्पित, 16. श्री रामकृष्णजी नागर, उज्जैन 10000.00 लोटाते समय 2501 रु. श्री हाटकेश्वर के चरणों में समर्पित करें, 17. श्री रामकृष्णाजी नागर, उज्जैन (इकलेरा वाले) 10000.00 स्वीकृति प्राप्त, 18. श्री कृष्णकांतजी व्यास, उज्जैन (इकलेरा वाले) 5001.00 स्वीकृति प्राप्त एवं सम्पूर्ण राशि श्री हाटकेश्वर के चरणों में समर्पित होगी, 19. डॉ. श्री पूर्णानंदजी व्यास, उज्जैन, 30000.00 स्वीकृति प्राप्त एवं आवश्यकता होने पर स्वीकृति का आश्वासन, 20. श्री बालकृष्ण मेहता, भोपाल (एच.इ.एल.), 2501.00 सम्पूर्ण नकद राशि श्री हाटकेश्वर के चरणों में समर्पित होगी, 21. श्रीमती दीपिका श्री रजत जैन, मेरठ, 5001.000 सम्पूर्ण नकद राशि प्राप्त एवं श्री हाटकेश्वर के चरणों में समर्पित ।

हरिनारायण नागर
अध्यक्ष नागर परिषद्, शाखा

चांद से नजदीकियां, मुल्कों के बीच दूरियां

युवा ही ला सकते हैं खुशहाली

राष्ट्रीय युवा योजना के राष्ट्रीय समन्वयक डॉ. महेन्द्र नागर से रवीन्द्र व्यास की चर्चा

इन्दौर। हमारी चांद से तो नजदीकियां बढ़ रही हैं, लेकिन मुल्कों के बीच दूरियां लगातार बढ़ रही हैं। श्रीलंका में चल रहे सर्वोदय आंदोलन का उद्देश्य यही है कि कैसे दुनियाभर के युवाओं को करीब लाकर जहरीली हो रही धरती पर खुशहाल विकास की बयार बहाई जा सके। इसके लिए युवाओं में मौजूद दुर्जन शक्ति को खत्म कर कैसे उनमें सृजनात्मक शक्ति का विकास किया जाए और इसका रचनात्मक इस्तेमाल हो, यही चिंतन होना चाहिए। यह कहना है राष्ट्रीय युवा योजना के राष्ट्रीय समन्वयक डॉ. महेन्द्र नागर का। वे हाल ही में श्रीलंका में पृथ्वी पर उत्तम स्थायी जीवन के लिए केन्द्रीकृत सामुदायिक गतिविधियां विषय पर हुई वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेकर लौटे हैं।

यह कॉन्फ्रेंस श्रीलंका में सर्वोदय श्रमदान आंदोलन की पचासवीं सालगिरह पर 4 से 7 दिसम्बर तक आयोजित की गई थी। डॉ. नागर कहते हैं कोलंबो के पास मोराटुआ गांव में हुई इस कांफ्रेंस में भारत, नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका, सिंगापुर, बेल्जियम, जापान, अमेरिका, नीदरलैंड्स और जर्मनी के प्रतिनिधियों ने शिरकत की। वे कहते हैं इस आंदोलन का उद्देश्य ही यह है कि कैसे युवाओं की प्रतिभा और ऊर्जा का राट्रीय विकास में रचनात्मक इस्तेमाल किया जा सके। आज श्रीलंका सिंहली और तमिलों के बीच हिंसा की समस्या से ग्रस्त है और श्रीलंका के चालीस प्रतिशत युवा सेना में हैं। यही कारण है कि श्रीलंका में युवाओं का देश के विकास में भरपूर इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है। श्रीलंकाई श्रमदान आंदोलन के एआर आर्यरत्ने गांधी विचारों से प्रभावित हैं और वे युवाओं में जनजागृति पैदा करने के लिए निःस्वार्थ भाव से यह आंदोलन चला रहे हैं। डॉ. नागर कहते हैं हम आने वाले पचास सालों में भारत की एक ज्यादा बेहतर और चमकीली तस्वीर देखना चाहते हैं।

इसके लिए जरुरी है हम आज के युवाओं के सामने ऐसा मॉडल रखें और ऐसा विजन दें कि वे हर तरह की समस्या से मुक्त एक शक्तिशाली देश को देख सकें। इसके लिए यह और भी जरुरी है कि अधिकतम युवाओं में नैतिक साहस, उदार मुल्यों के प्रति श्रद्धा, उसे हासिल करने की इच्छाशक्ति तथा आने वाली चुनौतियों के मद्देनजर एक विवेकशील रणनीति के लिए सक्रिय समर्पण पैदा किया जा सके। आज हमारा देश भी अलगाववाद, आतंकवाद, साम्प्रदायिकता जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। इसलिए ऐसे समय में इस तरह के कार्यक्रमों की प्रासंगिकता और बढ़ जाती है। डॉ. सुब्बाराव के नेतृत्व में राष्ट्रीय युवा योजना इस दिशा में काम कर रही है। इसके अलावा देशभर में अन्य युवा संगठनों को भी इस दिशा में पहल कर ठोस काम करना चाहिए।

नागर महिला मंडल की बैठक 17 जनवरी को

इन्दौर। नागर महिला मंडल की ओर से आप सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं। सभी को सूचित किया जाता है कि मंडल की आगामी बैठक 17 जनवरी 2009 को आयोजित की गई है। जिसमें प्रतियोगिता 'मटर के व्यंजन' मीठा एवं नमकीन दो ग्रुपों में आयोजित है। व्यंजन घर से बनाकर लाना है, तथा अपनी विधि को एक पेज पर परिमाण सहित लिखकर लाना है। निर्णायक प्रस्तुति स्वाद एवं पौष्टिकता के आधार पर अपना निर्णय देंगे। सभी से अनुरोध है कि नये वर्ष का अपना एक संकल्प, उद्देश्य या विचार एक पेज पर लिखकर लावें, साथ ही अपना पासपोर्ट आकार का फोटो भी लावें, उसे पुस्तिका के रुप में संकलन किया जाएगा। पश्चात तम्बोला का आयोजन होगा। सभी के लिए लाल रंग के परिधान का सुझाव मान्य किया गया है। दिनांक 17 जनवरी 09 शनिवार, दोपहर ढाई से पांच बजे तक, स्थान 331 ए.डी. स्कीम नं. 74, अध्यक्ष श्रीमती शारदा मंडलोई का निवास स्थान

सम्पर्क- श्रीमती शारदा मंडलोई 255626, डॉ. रेणुका मेहता 2550550, श्रीमती अरुणा व्यास 2493706

राहुल त्रिवेदी प्रतिभा सिंटेक्स में

इन्दौर। छब्बीस वर्षीय राहुल त्रिवेदी बी.टेक टेक्सटाइल टेक्नॉलॉजी तथा एम.बी.ए. मार्केटिंग। वर्तमान में इंटरनेशनल मार्केटिंग मर्चेन्डाइजर (फैशन एण्ड अपैरल) के पद पर प्रतिभा सिंटेक्स लि. इन्दौर में कार्यरत हैं। इससे पूर्व आप मराल ओव्हरसीज लि. एवं टेक्स ट्रेड इंटरनेशनल सूरत में कार्यरत थे। आप पर्यावरणविद् प्रो. डॉ. राकेश त्रिवेदी व श्रीमती रेखा त्रिवेदी के सुपुत्र तथा सुप्रसिद्ध पत्रकार स्व. महेन्द्र त्रिवेदी के पौत्र एवं पटेल स्व. दुर्गाशंकर नागर के नाती है।

40, रुपराम नगर कालोनी, माणिकबाग रोड, इन्दौर फोन 0731-2475785

श्री यशपाल मेहता को पदोन्नति

इन्दौर। श्री यशपाल मेहता (सुपुत्र-श्री बी.के. मेहता-श्रीमती अंजना मेहता) ग्रुप मैनेजर प्रॉडक्ट एंड गेम्बल इंडिया लि. मंडीदीप की पदोन्नति हेड एशिया पेसिफिक (सप्लाय चेन एंड लेजिस्टिक) के पद पर हुई है। आप जनवरी 2009 से कम्पनी के सिंगापुर कार्यालय में अपना कार्यभार संभालेंगे. आप समस्त एशियाई देशों एवं आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड व कोरिया में कंपनी के उपरोक्त विभाग के अध्यक्ष होंगे. बधाई-अथर्व मेहता, सिमरन मेहता, श्रेया मेहता, श्री अतुल गौरी मेहता, श्री अशोक श्रुति व्यास एवं श्री निपुण व्यास।

श्री अतुल मेहता की विशेष उपलब्धि

इन्दौर। श्री अुतल मेहता (सुपुत्र- श्री बी.के. मेहता-श्रीमती अंजना मेहता हेड डायरेक्टर मार्केटिंग बजाज आलियान्ज जनरल इंश्योरेंस कं. लि. का चयन आलियान्ज एसई फ्यूचर लीडर कार्यक्रम में हुआ इस कार्यक्रम के अन्तर्गत श्री अतुल मेहता को कम्पनी के वरिष्ठतम मैनेजमेंट में काम करने के लिए विशेष प्रशिक्षण मिलेगा. इस उपलब्धि पर बधाई। अथर्व मेहता, सिमरन मेहता, श्रेया मेहता, शांतनु त्रिवेदी, श्री प्रवीण-मीना त्रिवेदी एवं श्री यशपाल-सोनाली मेहता।

लाड़कुंवरबाई त्रिवेदी का देहावसान

इन्दौर। स्व. वामनरावजी त्रिवेदी (रतलाम वाले) की धर्मपत्नी तथा स्व. रमाकांत त्रिवेदी व श्री अनिल त्रिवेदी की माताजी श्रीमती लाड़कुंवरबाई त्रिवेदी का 96 वर्ष की आयु में भोपाल में निधन हो गया। वे पूर्व सांसद स्व. राधेलालजी व्यास की छोटी बहन थी तथा नगर निगम के पूर्व जनसंपर्क अधिकारी स्व. महेन्द्र त्रिवेदी, रसायन शास्त्री डॉ. आर.के. मेहता, डॉ. नरेन्द्र नागर (इंजी) तथा श्री सूर्यप्रकाश व्यास (शिक्षक) की सासुजी थी।

अपनों ने धोखा दिया, आप सहारा दे दो

इन्दौर। टेलीव्हीजन पर प्रसारित एक खबर छत्रपति शिवाजी टर्मिनल रेल्वेस्टेशन पर आतंकवादी हमले में पीड़ित एक महिला के पति की मृत्यु हो गई वह अकेली अपनी तीन माह की बालिका को लिए अस्पताल में उसका इलाज करा रही। महिला का देवर उसके पति का मृत्यु प्रमाण पत्र व मुआवजे के मिले रु. 50,000 की राशि लेकर लापता हो गया। महिला अपनी बालिका के साथ असहाय अवस्था में अस्पताल में करुणावस्था में अकेली पड़ गई। उसका व बालिका का भविष्य अंधकार मय हो गया। उसकी सहायता को कोई नहीं। एक संस्था 'आय लव्ह मंबई' सोमा महल प्रथम मंजिल मेरिनड्राट्व्ह मुंबई 20 ने उसके प्रति सहयोग करने की पहल की है। और बालिका के लालन-पालन हेतु कोष एकत्र करने की दिशा में टेलीव्हीजन पर अपील की है। यह खबर टेलीव्हीजन पर देखकर दिल पसीज गया व मन दुखी हो गया। इससे प्रेरित हो बालिका के सहायतार्थ कोष हेतु उक्त संस्था को अपनी क्षमता को ध्यान रखते रु. 100/- का मनी आर्डर उक्त संस्था को भेजें अन्य इच्छुक समाजसेवी श्रद्धा वा आस्थावश कोष हेतु राशि संस्था को सहयोगत्मक रुप से भेजें तो मां-बेटी का भविष्य संवर जाएगा। यह अपील विनंति है।

प्रस्तुति- पुरुषोत्तम जोशी
528, उषा नगर, एक्स. इन्दौर

लघुकथा

लड़का-लड़की

सात वर्षीय सोनू मम्मी के साथ भीड़-भरी सड़क पर जा रहा था। मम्मी को गंतव्य पर पहुंचने की जल्दी थी। भीड़ में पिछड़ न जाए या स्कूटर-साइकिल टक्कर न मार दे, इस भय से सोनू बार-बार मम्मी का हाथ या साड़ी का पल्लू पकड़ने की कोशिश कर रहा था। इससे मम्मी की गति में बाधा पड़ रही थी। इस बार फिर जब सोनू ने उसी प्रकार की कोशिश की, तो मम्मी झल्ला उठी- 'क्या लड़कियों की तरह बार-बार पल्लू पकड़ रहा है?'

-सूर्यकांत नागर

आचार्य पं. सन्तोष कुमार व्यास (देवज्ञ)
हस्तरेखा विशेषज्ञ, वास्तुविद्, कुंडली मिलान
(ज्योतिष विद्या से बतायें भविष्य फल का आधार श्रद्धा व विश्वास है।)
10, बीमानगर, खजराना रोड़, इन्दौर फोन 4060184, मो. 9425963751

गागर में 'नागर'

नागर ब्राह्मण समाज के उद्भव एवं विकास का इतिहास यदि 90 पृष्ठों की पुस्तक में समाहित कर दिया जाए तो यह कार्य गागर में नागर को समाने जैसा है। सच भी है कि लोगों के पास आजकल न तो पढ़ने का समय है, न रुचि। जबकि वास्तविकता यह है कि पढ़ने से जितना ज्ञान प्राप्त होता है, उतना टीवी देखने या अन्य साधन से नहीं होता। लेखक एवं संकलनकर्ता डॉ. नरेन्द्रकुमार मेहता ने समाज के प्रतीक चिन्ह से लेकर ऐतिहासिक तथ्य, पौराणिक गाथा, संक्षिप्त इतिहास के साथ ही गोत्र, वेद, प्रवर, अवटंक, कुल देवी, गणपति और भैरव का सामान्य परिचय, उपजातियों के साथ द्विज जातियों के सोलह संस्कार, भी प्रस्तुत किए हैं। एक छोटी सी पुस्तक में लेखक ने बहुत कुछ समाने का प्रयास किया है, इसीलिए जब मैं समीक्षा का शीर्षक खोजने लगा तो 'गागर में नागर' से अच्छा शीर्षक ध्यान में नहीं आया। दरअसल प्रत्येक व्यक्ति को उसका इतिहास जानना चाहिए। राम की गाथा यदि हमें मर्यादा सिखाती है, कृष्ण की भागवत यदि कर्मयोग बताती है तो हमारा इतिहास हमारे अंदर आत्मशक्ति को पैदा करता है। हम उसी प्रकार बनना चाहते है, आचरण को अपनाते हैं तथा गौरवशाली होना चाहते हैं, जो हमारे पूर्वज थे। खासकर नई पीढ़ी के लिए इस प्रकार की पुस्तकें बहुत उपयोगी है, क्योंकि उनके बड़ों के पास अपना गौरवशाली इतिहास बताने का समय नहीं है। प्रत्येक समाजजन अपने मन में यह विश्वास रखे कि इतिहास अपने आपको दोहराता है।

पुस्तक- नागर ब्राह्मण समाज का उद्भव एवं विकास
प्राप्ति स्थल- डॉ. नरेन्द्र कुमार मेहता

एम 1/7, ए.बी.ए. क्वाटर्स, विक्रम वि.वि. परिसर भरतपुरी चौराहा, देवास रोड, उज्जैन फोन 0734-2510708 सहयोग राशी 51/-

लघुकथा

कार्य-शैली

जिले में अभी-अभी पदस्थ युवा जिलाधीश के समक्ष उपस्थित हो गरीब किसान ने पटवारी की शिकायत की- साब जी, पटवारी बहुत तकलीफ दे रहा है। न खेत ठीक से नापता है, न ठीक से हदबंदी करता है। लगान भी इस बार अधिक बता रहा है। ऊपर से पैसे मांग रहा है।

जिलाधीश सोच में पड़ गए। पहले उनके चेहरे पर क्रोध की रेखाएं उभरीं। फिर हलकी-सी मुस्कराहट के साथ उन्होंने कृषक के आवेदन पर मय सील-सिक्के के आदेश लिखा-प्रिय पटवारी जी, इनका काम बिना कुछ लिए कर देंगे तो बड़ी कृपा होगी।

-सूर्यकांत नागर

जियो तो ऐसे जियो

जीवन के रंग, खुशियों के संग

जिन्दादिल डॉक्टर श्री प्रदीप मेहता ने एस. नन्द एवं अतुल मित्तल के संयुक्त प्रयास से पुस्तक के रुप में खुशियों का गुलदस्ता प्रस्तुत किया है। दरअसल हमारे जीवन में ज्यादातर समस्याएं एवं तनाव स्वयं हमारे द्वारा ही उत्पन्न किए गए हैं। हम देखते हैं कि एक प्रसन्न व्यक्ति पूरे परिवार एवं समाज को प्रसन्न कर देता है तथा इसी प्रकार दुःखी व्यक्ति दुःख ही बांटता है। खुशी एवं प्रसन्नता बाहरी वस्तु नहीं है यह अंतर का मामला है। 'जीवन के रंग, खुशियों के संग' नामक यह पुस्तक विभिन्न तरीके बताती है खुशमय जीवन बिताने को

डॉ. प्रदीप मेहता

मित्रों हर पल को जिओ, अंतिम पल ही जान
अंतिम पल है कौन-सा, ये कौन सका है जान

सबसे खास बात यह है कि अनंत आवश्यकताओं के फेर में पड़कर हम उन वस्तुओं, साधनों का आनन्द नहीं ले पाते जो हमारे पास मौजूद है। इच्छाएं करना एवं सपने देखना वर्जित नहीं है परन्तु वर्तमान जीवन को संतुष्टीदायक तरीके से जीकर यह काम किया जाए तो 'सार्थकता' की प्राप्ति होती है। पुस्तक में जीवन को सुखमय बनाने के लिए 'अच्छी आदतें' समय की गुणवत्ता, महक रिश्तों की, प्रेम, विचारशील सहृदयता, शुभकामनाएं व आशीर्वाद, कृतज्ञता, कार्यकुशलता, तनाव का अंत, बिखेरें महक समाज के लिए, जीवन का ध्येय, जीवन की कर्मयोजना, सकारात्मक सोच, सपने बुनिए और उन्हें सच कीजिए, जीवन के अनमोल मूलमंत्र प्रस्तुत किए गए हैं। बंधुओं, इतिहास गवाह है कि डॉक्टर अच्छे लेखक साबित होते हैं, क्योंकि वे मानवीय भावनाओं संवेदनाओं से प्रतिदिन साक्षात्कार करते हैं। बात वह जो मन में जोश भर दे, किताब वह जो दिल की गहराईयों में उतर कर सोचने के लिए मजबूर कर दे। वास्तव में एस. नन्द, डॉ. प्रदीप मेहता एवं अतुल मित्तल की त्रिमूर्ति ने 'जीवन के रंग खुशियों के संग' के रुप में ऐसा गुलदस्ता प्रस्तुत किया है। जिसमें सुगंध भी है, प्रेरणा भी है, जोश भी है। पुस्तक परिवार के प्रत्येक सदस्य के पढ़ने योग्य है।

'जीवन के रंग, खुशियों के संग'
प्रकाशक- सेन्टर फॉर सेल्फ डेवलपमेंट
एल-201, शालीमार टाउनशिप, इन्दौर
फोन 2570777 मुल्य 100 रु.

श्री दिलीप मेहता रमाकांत नागर स्मृति शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित

इन्दौर। वर्ष 2008 का स्व. रमाकांत नागर स्मृति शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार देवास के वरिष्ठ शिक्षक श्री दिलीप मेहता को प्रदान किया गया है। उज्जैन के विक्रम कीर्ति मंदिर में 25 दिसंबर को नागर समाज के राज्यस्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रदेश के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री मंत्री श्री पारस जैन ने उन्हे इस पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरस्कार के रुप में श्री मेहता को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह और एक हजार एक रु. की सम्मान निधि ा भेंट की गई। इस अवसर पर प्रतिष्ठित प्रवचनकार पं विजयशंकर मेहता, श्री अमिताभ मण्डलोई, म.प्र. नागर परिषद के अध्यक्ष श्री वीरेंद्र व्यास, प्रतिभा प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष श्री रमेश मेहता प्रतीक सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। यह पुरस्कार हर साल शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित सेवा, उत्कृष्ट योगदान और असाध ारण उपलब्धियों के लिए मध्यप्रदेश नागर समाज के किसी शिक्षक/शिक्षिका को दिया जाता है। पुरस्कार के लिए श्री मेहता का चयन नागर समाज के सात वरिष्ठ शिक्षकों की चयन समिति की अनुशंसा के आधार पर किया गया। वर्ष 1972 से शिक्षा विभाग में कार्यरत श्री दिलीप मेहता एक लोकप्रिय शिक्षक व प्रधान अध्यापक के रूप में देवास जिले मे पदस्थ रहे हैं। शिक्षक दिवस समारोह में श्रेष्ठ शिक्षक के रुप में सम्मानित श्री मेहता का शिक्षक कांग्रेस व जायंट्स क्लब सहित अनेक संस्थाओं ने सम्मान किया है। वे मध यप्रदेश कन्या दृष्टिहीन कल्याण केन्द्र के उपाध्यक्ष भी रहे हैं । यह पुरस्कार नागर समाज के वरेण्य तथा देवास के पूर्व सहायक जिला शाला निरीक्षक स्व. रमाकांत नागर की स्मृति में उनकी पुत्री श्रीमती संगीता विनोद नागर ने स्थापित किया है जो कि स्वयं भी एक शिक्षक हैं। इससे पहले वर्ष 2006 में शाजापुर के राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक श्री हेमंत दुबे को और वर्ष 2007 में उज्जैन की वरिष्ठ शिक्षिका सुश्री शीला व्यास को इस पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

(श्रीमती संगीता विनोद नागर)
अध्यक्ष चयन समिति

हम-तुम जीवन साथी

झाबुआ। दिनांक 23 नवम्बर 08 को सौ.कां. वंदना (सुपुत्री- श्री राजेश-सौ. लीना नागर) का शुभ विवाह चि. द्विजेन्द्र (सुपुत्र- स्व. श्रीमान बालकृष्णजी-स्व. पुष्पा व्यास) के साथ सानंद सम्पन्न हुआ।

इन्दौर। सौ.कां. रुपाली (सुपुत्री- रमाकान्त-सौ.सुधा नागर) का शुभ विवाह चि. नितीन (सुपुत्र-श्री रामचन्द्रजी-सौ. शकुन्तला नागर) के साथ दिनांक 12 दिसम्बर 08 को सानंद सम्पन्न हुआ।

इन्दौर। चि. चिरायु (सुपुत्र सौ. कादम्बरी-विनित कुमार व्यास) का शुभविवाह सौ.कां. ख्याति (सुपुत्री-सौ. वीणा बकुल भाई बुच के साथ दिनांक 7 दिसम्बर 08 को सानंद सम्पन्न हुआ।

भौंरासा (देवास)। सौ.कां पूजा (सोनू) (सुपुत्री- अशोक-सौ. प्रियवंदा नागर) का शुभ विवाह चि. आलोक (निलेश) (सुपुत्र- श्री राजेन्द्रकुमारजी-सौ. सुषमा पंड्या बजरंग नगर देवास) के साथ दिनांक 7 दिसम्बर 08 को सम्पन्न हुआ।

इन्दौर। चि. नवीन (सुपुत्र- श्री कैलाश-शारदा नागर) भाटगली उज्जैन का शुभविवाह सौ.कां.प्रतिमा (सुपुत्री- श्री मोहन भट्ट-सौ.आशा) के साथ दिनांक 11 दिसम्बर 08 को सानन्द सम्पन्न हुआ।

इन्दौर। चि. अमित (सुपुत्र- डॉ. महेन्द्र-सौ. ऊषा नागर) का शुभ विवाह सौ.कां. पूजा (श्री वीरेन्द्र-सौ. लता मण्डलोई) के साथ दिनांक 11 दिसम्बर 08 को सम्मन्न हुआ।

नवी सी कामना

नये वर्ष की शुभकामना
देने के लिये सारी सद्भावना
गर्व से उठाया शीश
हाथ और सरल दृष्टि
सामने देखा आपको पाया
निहाल हो के बधाई दे रहा
स्निग्ध भावना से भाव सहज
चाहत अनोखी प्रतित सी
आशीष पाने को नये वर्ष में
सुलभ नवी सी कामना

-व्रजेन्द्र नागर
इन्दौर

शुभकामनाओं सहित
शर्मा ब्रदर्स
ब्रोकर, कॉटन सीड, केक एंड आईल
4/2, मुराई मोहल्ला, श्री निकेतन, शॉप नं. 1 छावनी, इन्दौर
फोन 2706115, 2707115, मो. 94240-09615, 9826088115, 9826081115, 9926088115, 9009562115

वर्षा नागर के कोकिल कंठों से हुई श्रीमद् भागवत ज्ञान की वर्षा

बांसवाड़ा। माही गंगा के तट पर लोढी काशी बांसवाड़ा के लिए भागवत कथा का पारायण कोई नवीन आयोजन नहीं है प्रातः स्मरणीय श्री डोंगरे महाराज महंत श्री दीन बन्धुदासजी और स्वामी रामानंदजी के संरक्षकत्व में स्थापित श्रीमद भागवत समिति बांसवाड़ा कई आयोजन करवा चुकी है परन्तु बाल विदुषीसंत वर्षा नागर की 22 से 28 दिसम्बर 08 की यह पावन कथा बहुत हटकर अनूठी सिद्ध हुई है।

नलखेड़ा (जिला शाजापुर) में 20 अक्टूबर 1993 को रक्षाबंधन के दिन जन्मी इस बालिका का नाम स्वाभाविक रुप से उनकी मातुश्री श्रीमती लता नागर और पिता श्री महेश नागर ने 'रक्षा' के रुप में किया परन्तु भागवत में होने वाली अमृत वर्षा से अभिप्रेरित पत्रकारों ने कथा की समीक्षा करते समय त्रुटीवश नाम वर्षा कर दिया जिसके लिए बाद में उन्होंने खेद भी प्रकट किया परन्तु भागवत प्रेमियों ने उसे वर्षा के नाम से ही स्थापित कर दिया। माता-पिता तो शिक्षण व्यवसाय से जुड़े हुए हैं परन्तु दादाजी भागवत कथा करते हुए अस्वस्थ हो गये और अनायास ही इस 7 वर्षीय बालिका ने उसे पूरा करने का संकल्प ले लिया। उस रोज से यह पावन गंगा बहती रही, वाणी में निखार आता गया ज्ञान तो दैविक शक्ति के रुप में मिला ही था।

इतनी उम्र में देवी भागवत, रामकथा, शिवपुराण, गणेश पुराण के साथ-साथ वेद उपनिषदों की मूलरुप से मिमांसा श्रोताओं को अभीभूत करने के लिए काफी है। यही कारण है कि विलक्षण प्रतिभा की धनी इस बाल विदुषी ने 450 से अधिक स्थानों पर कथा आरम्भ करके विराम दे चुकी है। विदुषी से हमारा परिचय भी बहुत लम्बा नहीं था बांसवाड़ा में भगवती मण्डल प्रतिवर्ष शतचण्डी यज्ञ का आयोजन नागरवाड़ा में जगन्नाथजी की रथयात्राओं के दिनों में करता रहा है, उन्हीं दिनों कोटा राजस्थान में वर्षाजी नागर का कार्यक्रम चल रहा था उत्सुकता से श्रद्धालुओं ने सम्पर्क कर बांसवाड़ा में दो तीन घंटे का समय मांगा, नागरवाड़ा से आया प्रस्ताव विदुषी नागर ने हाथों हाथ लिया, कार्यक्रम हुआ उत्साहित लोगों ने पूरी भागवत कथा का प्रस्ताव समिति के माध्यम से रखा। संत श्री और पिता महेशजी को तुरन्त मेहसाणा (गुजरात) में श्री पन्नालालजी नागर का न्योता भी याद आया और उनकी स्वीकृती से इस भागवत कथा ने मूर्त रुप लिया।

22 दिसम्बर 2008 को सायं पावन हाटकेश्वर मंदिर नागरवाड़ा से शोभायात्रा आनन्द और उत्साह से कथा स्थल पृथ्वी क्लब, गांधी मूर्ति पर पहुंची। सभी के लिए विस्मय और कौतुहल का विषय था कि वर्षाजी इस उम्र में इतने विशाल पाण्डाल में भागवत कथा का रसपान करवायेगी? सबकी जिज्ञासा पर खरी उतरती विदुषी ने न केवल भागवत कथा की वरन् रामकथा के साथ-साथ भारत में पनप रहे आतकंवाद को ललकारा, और कहा समय आ गया है इसकी जननी को समाप्त करे। भारत माता का जयघोष करवाया, गीता और श्रीकृष्ण के मर्म की शिक्षा दी।

भ्रूण परीक्षण और हत्या को धिक्कारा और कहा यदि मेरे माता पिता भी इस प्रवृत्ति के शिकार होते तो न मैं होती न ही यह व्यासपीठ और आप भक्तों श्रोताओं का यह परिवार उन्होंने प्रत्येक सामाजिक पहलुओं को सजाया संवारा और नव श्रृंगारित रुप में सबके सामने पेश किया अपने खाली समय का भी उन्होंने खूब उपयोग किया। बांसवाड़ा सिद्ध क्षेत्र के सभी तीर्थों सिद्धविनायक गणेश, 51 शक्ति पीठों में स्थान रखने वाले त्रिपुरा सुन्दरी, मदारेश्वर महादेव, साँईबाबा मंदिर, अकलेश्वर में अपनी आस्था के दीप जलाये। स्वामी रामानंदजी की पावन याद में स्थापित वेद विद्यालय जाकर 10-12 वर्ष के वेद पाठियो का उत्साहवर्धन किया उन्हें अपनी व्यास पीठ पर सामूहिक रुप से बुलाकर स्वयं सम्मानित किया और श्रद्धालुओं से भी यही आग्रह किया विश्रांति की घड़ी आयी नागर बन्धुओं और माताओं ने पुझरो मानी लेजो और अये अमारे घेर जइये रे मा जय अम्बे गाकर संत प्रवर को अपनी अश्रुपुरित बिदायी दी-

मंजू प्रमोदराय झा
सी-20 सुविधीनगर, एरोड्रम रोड़, इन्दौर
वर्षाजी नागर
नलखेड़ा जिला शाजापुर (म.प्र.)
फोन 07361-223260, मो. 9425938776

डाकघर की विभिन्न बचत योजनाओं में निवेश कर आकर्षक लाभ कमायें

किसान विकास पत्र ❐ छह वर्षीय बचत पत्र ❐ सावधी जमा ❐ ५ वर्षीय आर.डी. खाता ❐ मासिक आय योजना ❐ लोक भविष्यनिधि खाता ❐ वरिष्ठ नागरिक बचत योजना ९ प्रतिशत ब्याज

सम्पर्क सूत्र- डाकघर बचत अभिकर्ता, कृष्णकांत शुक्ल
सी-५९, अभिलाषा कालोनी, देवास रोड़, उज्जैन फोन २५११८८५, मो. ९४२५९-१५२९२

द्वारकाधीश की नगरी में ऐतिहासिक आयोजन

भगवान द्वारकाधीश के चरणों में प्रवाहित ज्ञान गंगा का अपार जन समूह ने लाभ लिया

द्वारकापुरी। श्रीमद् भागवत गीता में उद्धत है कि संत महापुरुष ही वास्तविक तीर्थ और देवता है, क्योंकि इन संत महापुरुषों के दर्शन मात्र से ही कल्याण हो जाता है। लेकिन जब संत महात्मा तीर्थ में जाकर ज्ञान गंगा की वर्षा करे, उसका कितना लाभ मिलता होगा यह सोच से ही परे है। भगवान द्वारकाधीश के चरणों में मालव माटी के सपूत पं. श्री कमलकिशोरजी नागर ने ज्ञान गंगा प्रवाहित की तथा कोटिश जनता ने उसका रसास्वादन कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। भगवान द्वारकाधीश की राजधानी द्वारकापुरी में दिनांक 25 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक आयोजित पावन ज्ञान गंगा में देश भर से जनसमुदाय उमड़ा। द्वारकावासियों का मत है कि उन्होंने इतना बड़ा एवं सुव्यवस्थित आयोजन आज तक नहीं देखा। चारों दिशाओं से आ रहे जनसमुदाय की व्यवस्था आयोजकगण श्री ओछवलाल कंचनदेवी माहेश्वरी एवं उनके सुपुत्रों श्री ओमप्रकाश, श्री रामगोपाल श्री राजकुमार ने प्रेमपूर्वक की। बढ़ते अपार जनसमुदाय को देखते हुए जहां श्रोताओं की बैठक व्यवस्था में तीन गुना वृद्धि करना पड़ी वहीं आवास एवं भोजन व्यवस्था में मानो स्वयं द्वारकाधीश भगवान की कृपा रही। 'विश्वास में भगवान है' ये वहीं द्वारकाधीश भगवान है जिन्होंने सुप्रसिद्ध संत नरसि मेहताजी की सुपुत्री नानीबाई का मायरा स्वयं आकर किया था। मालव माटी में माँ सरस्वती के वरद् पुत्र पं. श्री कमलकिशोरजी नागर की यह वर्षों पुरानी साध थी कि एक बार ज्ञान गंगा भगवान द्वारकाधीश के चरणों में प्रवाहित करना है, तथा पूर्व जन्मों के योग से लाखों लोग इस चरणामृत को पाने पहुंच गए उन्हें ऐसा प्रतीत हुआ कि आयोजन की सारी व्यवस्थाएं भगवान द्वारकाधीश ने अपने हाथों में ले रखी है। तीर्थकथाओं की श्रृंखला में हुए इस आयोजन में आयोजक एवं श्रोता तो कृत-कृत्य हो ही गए। द्वारकावासी भी इस ऐतिहासिक आयोजन से अभिभूत हुए। आयोजकों ने द्वारकापुरी की सभी होटलें बुक कर ली थी तथा देशभर से पधारे अपने मेहमानों की पूरी शिद्दत से आवभगत की। उनका आग्रह था कि म.प्र. के अलीराजपुर कस्बे से हमारी उद्योग यात्रा शुरु हई जो जामनगर से दिल्ली तक पहुंची। प्रभु कृपा से जीवन में जो कुछ भी कण व क्षण पाया वह पुरुषार्थ में लगा रहे। इसी भावना को लेकर सर्वप्रथम सतगुरुदेव श्री शुकदेव मुनि के आश्रम शुकताल में हमें श्रीमद् भागवत कथा का निमित्त मिला। वही पुण्यफल परमात्मा ने सार्थक कर पुनः सत्संग सेवा का अवसर प्रदान किया। गुरु ने ही हमें गोविन्द तक पहुंचाया। गुरु से गोविन्द तक, शुकताल से द्वारका तक की यह पावन यात्रा हम सभी के लिए अविस्मरणीय है। आयोजकों की पवित्र भावना एवं पं. श्री नागरजी की वर्षों पुरानी सद्इच्छा के परिणाम स्वरुप स्वयं भगवान द्वारकाधीश ने एक बार फिर भक्त नरसि मेहता की तरह भक्त पं. श्री नागर के आयोजन को सफल बनाकर इतिहास को दोहराया है। इस ज्ञान गंगा का सार एवं प्रचार यही है कि क्रिसमस के दिन यह कथा शुरु हुई जिसने यह संदेश दिया कि अपने आपको धर्म की सलीब पर टांग दो तथा इसके समापन दिन 31 दिसम्बर को जो लोग पश्चिमी सभ्यता से ओतप्रोत हो अवगुणी एवं व्यसनयुक्त कर्म करते है वे धार्मिक एवं अध्यात्मिक तरीके से नए वर्ष का स्वागत करें एवं खुशियां मनाएं यह शिक्षा प्रदान की। जिस आयोजन की तारीखें ही स्वयं शिक्षाप्रद हो, अहंकार मुक्त आयोजक तथा सरलहृदय वक्ता तो द्वारकापुरी में स्वर्ग उतरना ही था। जो भरोसे हो जाते हैं, भगवान उनका साथ देते ही इस बात में संशय कहां है?

प्रस्तुति-दीपक शर्मा

म.प्र. नागर ब्राह्मण प्रतिभाशाली छात्र प्रोत्साहन समिति का

प्रत्येक क्षेत्र में प्रोत्साहन का अनूठा प्रयास

उज्जैन। वर्तमान समय की मांग है कि बच्चों को पढ़ाई के साथ अन्य कलाओं में भी निपुण होना चाहिए। अनेक बच्चों में प्रतिभा जन्मजात होती है जबकि कुछ में कला के विकास के लिए अवसर प्रदान करना पड़ते हैं। म.प्र. नागर ब्राह्मण प्रतिभाशाली छात्र प्रोत्साहन समिति का प्रतिवर्षानुसार आयोजित 24 एवं 25 दिसम्बर को प्रतिभा प्रदर्शन एवं सम्मान समारोह अपने आप में अनूठा है यह प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए 'प्रोत्साहित' करता है।

